दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



इंतजार नार्वे की बाहर का .......



कलर्ड हेयर पर भूल से भी नहीं इस्तेमाल

वर्ष : 10 | अंक : 140 | लखनऊ, 30 अप्रैल, मंगलवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# हटाया अंग्रेजों के निशान, नौसेना के झंडे में छत्रपति शिवाजी के प्रतीक को दिया स्थान : पीएम मोदी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली,** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सतारा में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि 2013 में जब भाजपा ने मुझे प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया तो मैं रायगढ़ के किले पर चला गया और कोई भी काम शुरू करने से पहले छत्रपति शिवाजी महाराज की समाधि के सामने ध्यानस्त होकर वहां बैठा था। उस समय मुझे जो प्रेरणा, ऊर्जा मिली, आशीर्वाद मिला उसी की बदौलत मैं पिछले 10 साल उन्हीं आदर्श विचारों को जीने का प्रयास करता हूं। देश 1947 में आजाद हुआ, कांग्रेस ने गुलामी की मानसिकता को फलने दिया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज भी विश्व में जब भी नौसेना की चर्चा होती है तो छत्रपति शिवाजी महाराज का नाम लिया जाता है लेकिन इतने सालों तक आजाद भारत के नौसेना के झंडे में अंग्रेजों का निशान था। एनडीए सरकार ने मोदी ने उस निशान को हटाया और उसमें छत्रपति शिवाजी महाराज के प्रतीक को स्थान दिया। पूरी दुनिया छत्रपति महाराज की नौसेना का लोहा मानती थी, लेकिन इतने वर्षों तक आजाद भारत की नौसेना के झंडे पर अंग्रेजों का निशान था। मोदी ने आकर अंग्रेजों के निशान को हटाया। मोदी ने तय किया कि इस झंडे की ताकत तब बढ़ेगी, जब हमारे नौसेना के झंडे में छत्रपति शिवाजी के प्रतीक को स्थान दिया जाएगा। 2013 में जब भाजपा ने मुझे प्रधानमंत्री उम्मीदवार घोषित किया, तब मैं रायगढ़ के किले पर चला गया। मैं छत्रपति शिवाजी महाराज की समाधि स्थल पर ध्यानस्थ होकर बैठा था। उस समय छत्रपति शिवाजी महाराज की समाधि स्थल से मुझे जो ऊर्जा, प्रेरणा और आशीर्वाद मिला, उसी के बदौलत मैं बीते 10 वर्षों से आपके लिए जीने का प्रयास करता हूं।



## अमित शाह के फेक वीडियो मामले में पीएम मोदी ने ईसी से की अपील

### समाज में तनाव पैदा करने की साजिश रची जा रही

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के सतारा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह के फेक वीडियो को लेकर कार्रवाई की मांग की है। पीएम मोदी ने कहा कि फर्जी वीडियो के जरिए समाज में तनाव पैदा करने की साजिश रची जा रही है। देश में लोकतंत्र, शांति और सद्भाव के लिए मैं देश के लोगों से आग्रह करूंगा कि वे फर्जी वीडियो और तस्वीरों को उजागर करें और पुलिस को रिपोर्ट करें। हमारा सामाजिक न्याय का तरीका समाज में विभेद करने का नहीं है, बल्कि समाज को जोड़ने का है। इसके साथ ही पीएम मोदी ने चुनाव आयोग से अपील करते हुए कहा कि समाज को फर्जी वीडियो से बचाना हमारी जिम्मेदारी, ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करे। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस सरकार का रवैया गरीबों को लेकर क्या होता था, इसका अंदाजा आप उनकी नीतियों से लगा सकते हैं। जब कांग्रेस की सरकार थी, तब हजारों टन अनाज सरकार के गोदामों में सड़ता था। कांग्रेस सरकार उसे गरीबों को देने को तैयार नहीं थी। मना कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि कांग्रेस सरकार अनाज गरीबों में बांटे।

## राजनाथ सिंह ने लखनऊ से भरा नामांकन



एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली,** लखनऊः बीजेपी के दिग्गज नेता और केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ से आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अपना नामांकन दाखिल कर दिया है. इस दौरान उनके साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी भी मौजूद रहे.

बता दें कि नामांकन दाखिल किए जाने से पहले राजनाथ सिंह ने लखनऊ में हनुमान सेतु मंदिर में पूजा की थी. उन्होंने भगवान शिव का जलाभिषेक किया और हनुमान मंदिर में दर्शन किए. यहां से वह पार्टी रथ पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व अन्य नेताओं के साथ नामांकन के लिए पहुंचे थे. इस दौरान मोहनलालगंज से भाजपा प्रत्याशी कौशल किशोर भी मौजूद रहे. सोमवार सुबह से ही लखनऊ में पार्टी कार्यालय के बाहर समर्थकों का हुजूम देखने को मिला था. ढोल नगाड़े के साथ लोग जुलूस में शामिल होने के लिए लोगों में काफी उत्साह नजर आ रहा था. लखनऊ संसदीय सीट से नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए रविवार रात रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह लखनऊ पहुंचे थे.

**मौसम**

अधिकतम तापमान 18.c

न्यूनतम तापमान 12.c

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 5848/ g |
| चांदी | 75.50/ g |
| सेंसेक्स | 72,085.63 |
| निफटी | 21,853.80 |

## तटरक्षक बल ने भारतीय नौका से 173 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त किया, दो लोग हिरासत में

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

अहमदाबाद/नयी दिल्ली । तटरक्षक बल ने गुजरात अपतटीय क्षेत्र में मछली पकड़ने वाली एक भारतीय नौका से 173 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त किया है और उसमें सवार चालक दल के दो सदस्यों को हिरासत में ले लिया है। तटरक्षक बल ने अहमदाबाद में जारी एक विज्ञप्ति में बताया कि बल और गुजरात के आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने रविवार दोपहर संयुक्त अभियान में समुद्र से मछली पकड़ने वाली एक नौका को पकड़ा। इससे एक दिन पहले तटरक्षक बल ने एटीएस और स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के साथ मिलकर एक पाकिस्तानी नौका से 600 करोड़ रुपये मूल्य की हेरोइन जब्त की थी। पाकिस्तानी नौका पर 14 लोग सवार थे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि संयुक्त अभियान के दौरान नौका से 173 किलोग्राम हशीश बरामद की गई और उस पर सवार दो भारतीयों को हिरासत में ले लिया गया। विज्ञप्ति में कहा गया, ह्यह्यएटीएस से खुफिया और पुख्ता जानकारी मिलने के बाद तटरक्षक बल ने रणनीति के तहत अपने पोत और विमानों को तैनात किया ताकि नौका समुद्र और हवा से की जा रही निगरानी से बचकर नहीं निकल सके।

# इंडी अलायंस वाले पीएम की कुर्सी भी बांट लेंगे

### बिहार में जाति की राजनीति खत्म करने के लिए मोदी सरकार जरूरी : अमित शाह

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली,** केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा नेता अमित शाह आज बिहार में चुनाव प्रचार करने पहुंचे हैं। झंझारपुर में जनसभा को करते हुए उन्होंने सीता माता की धरती से श्रीराम के नारे लगवाए। उन्होंने कहा कि हमारे कपूर्री ठाकुर जी यहीं से (फुलपरास विधानसभा) विधायक बनकर जाते थे। इतने वर्षों तक कांग्रेस एंड कंपनी ने कपूर्री ठाकुर जी का सम्मान नहीं किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कपूर्री ठाकुर जी को भारत रत्न देकर बिहार के समस्त पिछड़े समाज को सम्मानित किया।

शाह ने कहा कि कपूर्री ठाकुर जी ने गरीब के घर से आकर बिहार के गरीब, दलित और पिछड़ों की आवाज बुलंद की और श्री नरेन्द्र मोदी जी ने भी गरीब चाय बेचने वाले के घर में जन्म लेकर पूरे देश भी में गरीबों के कल्याण का यज्ञ शुरू किया। उन्होंने कहा कि आज मोदी जी, देशभर के गरीब, पिछड़े, आदिवासी, दलित, वंचित के कल्याण के लिए काम करने वाले नेता के रूप में उभरे हैं। उन्होंने हुंकार भरते हुए कहा कि मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मतलब है- बिहार से जातिवाद को समाप्त कर देना। देश से और बिहार से



भ्रष्टाचार को समाप्त कर देना।

अमित शाह ने कहा कि अगर इंडी अलायंस की सरकार आएगी तो ये लोग प्रधानमंत्री पद को बांट लेंगे। एक साल शरद पवार जी प्रधानमंत्री होंगे, एक साल लालू जी प्रधानमंत्री होंगे, एक साल ममता जी प्रधानमंत्री होंगी, एक साल स्टालिन जी प्रधानमंत्री होंगे। और कुछ बचा कुचा होगा तो राहुल बाबा प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्होंने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे जी कहते हैं कि राजस्थान और बिहार का कश्मीर से क्या लेना-देना है। अरे खड़गे साहब, कश्मीर के लिए बिहार का बच्चा-बच्चा अपनी जान देने के लिए तैयार है। भाजपा नेता ने कहा कि मोदी जी का नेतृत्व ही देश को कोरोना से बचा सकता है, आतंकवाद से बचा सकता है और कश्मीर में शासन और सुशासन स्थापित कर सकता है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विरोधी पार्टी है और लालू जी भी अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाने के लिए पिछड़ा वर्ग विरोधी कांग्रेस पार्टी की गोदी में बैठे हैं। अभी जो मंडल कमीशन के कारण आरक्षण मिला, वो 1957 में मिल जाता, लेकिन कांग्रेस ने काका कालेलकर की रिपोर्ट को रोक कर रखा और मंडल कमीशन का विरोध किया।

**संक्षिप्त समाचार**

## मेरी चिंता मत करो, जेल से जल्द बाहर आऊंगा : केजरीवाल

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली,** तिहाड़ जेल में मंत्री आतिशी के साथ दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता ने उनके मुलाकात की। मुलाकात के बाद सुनीता केजरीवाल ने कहा कि मैंने उनसे पूछा कि उनका स्वास्थ्य ठीक है या नहीं, इस पर उन्होंने कहा कि यह उन पर छोड़ दें। उन्होंने आगे कहा कि उन्होंने सरकारी स्कूलों में छात्रों के बारे में पूछताछ की और क्या उन्हें आवश्यकताएं प्रदान की गईं। सुनीता ने कहा कि ये कैसी तानाशाही है कि हमें मिलने नहीं दे रहे? जब हमारे वकीलों ने आवाज उठाई तो उन्होंने हमें दोबारा मिलने की इजाजत दी। इससे पहले उन्हें तिहाड़ जेल प्रशासन ने उनसे मिलने की अनुमति दी थी। यह तब हुआ जब आप ने कहा था कि जेल अधिकारियों ने उन्हें मुख्यमंत्री से मिलने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था, जेल अधिकारियों ने इस आरोप का खंडन किया था। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान मंगलवार को केजरीवाल से मुलाकात करेंगे। वहीं, आतिशी ने कहा कि मुख्यमंत्री केजरीवाल से मिलते ही मैंने उनसे उनका हालचाल पूछा तो उन्होंने कहा कि आप लोग मेरी चिंता मत करो, बस दिल्ली वालों की चिंता करो और उनका ख्याल रखो। आप नेता ने कहा कि उन्होंने मुझसे दिल्ली की जनता को मिलने वाली तमाम सुविधाओं का हाल जाना और निर्देश दिए कि गर्मियों में किसी को भी पानी की किल्लत नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने दिल्ली की माताओं-बहनों से कहा है कि वह जल्द ही जेल से बाहर आएंगे और उन्हें 1000 रुपए की सम्मान राशि देंगे। आप ने रविवार को कहा था कि जेल अधिकारियों ने सुनीता केजरीवाल को मुख्यमंत्री से मिलने की अनुमति नहीं दी है।

## आरक्षण, संविधान और जाति के नाम पर लोगों को बाँट रही कांग्रेसः अनुराग ठाकुर

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कांग्रेस पार्टी पर आरक्षण, संविधान और जाति के नाम पर लोगों को बाँटने का काम करने की बात कही है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि आज जिन राज्यों में कांग्रेस की सरकार बनी है वहां उनकी सारी गारंटियां बुरी तरह से फेल हो चुकी हैं। कांग्रेस आज मुद्दा विहीन है इसीलिए लोगों में आरक्षण, संविधान और जाति के नाम पर भय और भ्रम फैला रही है। कांग्रेस से ज्यादा शायद ही किसी ने एससी, एसटी और ओबीसी का हक मारा होगा। जहां-जहां कांग्रेस की सरकार आती है वहां हमारे एससी,



एसटी और ओबीसी भाइयों बहनों का हक छीनकर कांग्रेस एक विशेष समुदाय को दे देती है। आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना इसके उदाहरण हैं। भाजपा राज में एसटी, एससी और ओबीसी का आरक्षण निर्विरोध बरकरार था, है और रहेगा।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि देश ने 3 दशकों तक कांग्रेस के नेतृत्व वाली अस्थिर सरकार का दंश झेला है जिसमें भ्रष्टाचार, परिवारवाद और वोट बैंक पॉलिटिक्स चरम पर था। आज देश में कोई नहीं चाहता कि वह दौर वापस आए। सभी को मोदी जी के पिछले 10 वर्षों में हुए विकास की पहचान है और इसीलिए आज पूरे देश के लोग भाजपा और एनडीए के पीछे लामबंद हैं। देश की जनता को पता है कि इंडी एलाइंस वाले देश को एक परचून की दुकान समझते हैं जिसमें प्रत्येक वर्ष कोई नया प्रधानमंत्री बनेगा। इसीलिए आज कांग्रेस 40 सीटों के लिए संघर्ष कर रही है और भारतीय जनता पार्टी अकेले दम पर 370 पार और एनडीए 400 पार सीटें लाने वाली है।

अनुराग ठाकुर ने आगे कहा कि कांग्रेस की सोच लोगों को गरीब बनाए रखना है वहीं मोदी सरकार की सोच लोगों को आत्मनिर्भर बनाना है। उदाहरण स्वरूप मोदी 3.0 में हम रूफटॉप सोलर योजना लेकर आ रहे हैं जिसमें 3 किलोवाट सौर्य क्षमता वाले उपकरण घर की छत पर लगाने हेतु हेतु अगर आपकी लागत ?10 लाख की है तो उसमें से चार लाख रुपए मोदी सरकार देगी और ?6 लाख बैंक से मिल जायेंगे। इससे उत्पन्न होने वाली 300 यूनिट बिजली आपके लिए फ्री होगी और जो ज्यादा बिजली होगी वह सरकार आपसे खरीदेगी। इससे आपका बैंक लोन भी चुकता हो जाएगा और सालाना 15000 की बचत भी होने लगेगी।

## हिंदू युवा वाहिनी के एक पूर्व जिलाध्यक्ष ने राष्ट्रपति से मांगी परिवार सहित इच्छा मृत्यु की अनुमति

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद जिले में हिंदू युवा वाहिनी के पूर्व जिला अध्यक्ष जितेंद्र कुमार त्यागी ने पुलिस पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए परिवार सहित इच्छा मृत्यु की अनुमति मांगी है। जितेंद्र कुमार त्यागी ने रविवार को बताया कि उन्होंने अपने परिवार के साथ इच्छामृत्यु की अनुमति मांगी है और आरोप लगाया है कि पुलिस उन्हें प्रताड़ित कर रही है। उन्होंने संवाददाताओं को बताया कि उन्होंने राष्ट्रपति को भेजे अपने पत्र में लिखा है कि पुलिस उन्हें प्रताड़ित कर रही है, उन पर फर्जी आपराधिक मुकदमे दर्ज किये गये हैं, इससे त्रस्त होकर उन्होंने उनसे इच्छामृत्यु की अनुमति मांगी है। मुरादनगर से भाजपा विधायक अजीत त्यागी के मामा और पूर्व मंत्री राजपाल त्यागी के रिश्तेदार नरेश त्यागी की हत्या के मामले में जितेंद्र कुमार त्यागी पर नौ अक्टूबर 2022 को मुकदमा दर्ज किया गया था। गाजियाबाद के पुलिस आयुक्त अजय कुमार मिश्रा ने इस मुद्दे पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

## अमेठी, रायबरेली से उम्मीदवारों पर फैसले के लिए खरगे को अधिकृत किया गया:कांग्रेस

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नयी दिल्ली । कांग्रेस ने अमेठी और रायबरेली लोकसभा सीट से गांधी परिवार के सदस्यों के चुनाव लड़ने को लेकर जारी अटकलों के बीच सोमवार को कहा कि उम्मीदवारों के बारे में फैसला करने के लिए पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को अधिकृत किया गया है। पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने इस बारे में पूछे जाने पर संवाददाताओं से कहा, ह्यह्यवहां कांग्रेस अध्यक्ष को यह निर्णय लेने के लिए अधिकृत किया गया है कि उम्मीदवार कौन हो। चुनाव छिपकर तो नहीं लड़ा जाता। चुनाव को पूरे गाजे-बाजे के साथ लड़ा जाएगा। जैसे ही उम्मीदवार पर फैसला होगा, उस बारे में आपको बता दिया जाएगा।

गत शनिवार को हुई कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक में अमेठी और रायबरेली लोकसभा सीट को लेकर कोई निर्णय नहीं हो सका और फैसला पार्टी नेतृत्व पर छोड़ दिया गया था। सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस के उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे और विधायक दल की नेता अराधना मिश्रा ने उस बैठक में नेतृत्व से आग्रह किया था कि अमेठी से राहुल गांधी और रायबरेली से प्रियंका गांधी वाद्रा को चुनाव लड़ना चाहिए, हालांकि इस पर कोई फैसला नहीं हुआ।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी तथा अमेठी एवं रायबरेली के स्थानीय कांग्रेस नेताओं ने पिछले दिनों नेतृत्व से आग्रह किया था कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को इन सीट से चुनाव लड़ना चाहिए। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने इस बार रायबरेली से चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया और वह राजस्थान से राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुई हैं। उन्होंने दो दशक तक रायबरेली संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। राहुल गांधी 2004 से 2019 तक अमेठी से लोकसभा सदस्य रहे।

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी से उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। पिछले दिनों गाजियाबाद में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान जब राहुल गांधी से अमेठी से चुनाव लड़ने के बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि यह फैसला पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में होगा और पार्टी का जो भी आदेश होगा, वह उसे मानेंगे। राहुल गांधी केरल के वायनाड से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं जहां शुक्रवार को मतदान संपन्न हो गया।

## मुफ्त अनाज योजना से गुमराह न हो गरीब जनता, जनता के पैसे से दिया जाता है अनाजः मायावती

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

बदायूं (उत्तर प्रदेश) । बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने सोमवार को केन्द्र सरकार की मुफ्त अनाज योजना को छलावा बताते हुए कहा कि जनता इससे प्रभावित न हो क्योंकि यह अनाज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी या सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जेब से नहीं बल्कि खुद गरीब जनता की गाढ़ी कमाई से दिया जा रहा है। मायावती ने यहां एक चुनावी जनसभा में जनता को विरोधी पार्टियों के खोखले वादों से आगाह करते हुए भाजपा पर कांग्रेस की ही तरह जांच एजेंसियों का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया।

बसपा प्रमुख ने केन्द्र सरकार की मुफ्त अनाज योजना का जिक्र करते हुए कहा कि वे (भाजपा नेता) लोगों से कहते हैं कि भाजपा और मोदी ने



उन्हें मुफ्त राशन दिया है और उन्हें भाजपा को वोट देकर यह कर्ज चुकाना चाहिए, मगर लोगों को इससे गुमराह नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो मुफ्त राशन दिया जा रहा है वह मोदी जी या भाजपा की जेब से नहीं आ रहा है, बल्कि यह कर के रूप में दिये गये आपके ही पैसे से दिया जा रहा है। मायावती ने कहा कि लोगों को यह सोचने की जरूरत नहीं है कि यह कोई कर्ज है जिसे चुकाना होगा।

उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि गरीब लोगों की जटिल समस्या केवल हर हाथ को काम देने से ही खत्म होगी। अगर सरकार बनाने का मौका मिला तो उनकी पार्टी इस पर ध्यान देगी। बसपा अध्यक्ष ने समाजवादी पार्टी (सपा) पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि ज्यादातर देखा गया है कि जहां मुस्लिम मतदाताओं की संख्या अधिक है, वहां सपा अपने परिवार के किसी व्यक्ति को टिकट देती है और जहां हिंदू संख्या में अधिक हैं, वहां मुस्लिम उम्मीदवार खड़ा करती है। यह समाजवादी पार्टी का चरित्र है। उन्होंने आरोप लगाया कि बड़ी संख्या में मुस्लिम आबादी वाले बदायूं के मामले में सपा ने अपने परिवार के ही सदस्य (आदित्य यादव) को उम्मीदवार बनाया है।

मायावती ने इस बात पर भी जोर दिया कि उनकी पार्टी बसपा में टिकट आवंटन को लेकर कोई भेदभाव नहीं है और सभी वर्गों को उचित प्रतिनिधित्व दिया गया है। अपने राजनीतिक विरोधियों पर हमला बोलते हुए बसपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि कांग्रेस की तरह भाजपा ने भी जांच एजेंसियों का राजनीतिकरण कर दिया है।

# भाजपा ने किसानों, नौजवानों, मजदूरों, गरीबों सभी के साथ विश्वासघात किया : अखिलेश यादव

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ,** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आज एटा, हाथरस एवं आगरा जनपद में समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी जनसभाएं की। उन्होंने एटा में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी देवेश शाक्य, हाथरस में जसवीर बाल्मीकि तथा आगरा में सुरेश चन्द्र कर्दम, फतेहपुर सीकरी के इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी रामनाथ सिकरवार उर्फ फौजी बाबा को भारी बहुमत से विजयी बनाने की अपील की। चुनावी जनसभाओं में अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर किसानों, और नौजवानों के साथ हो रहे अन्याय और महंगाई, बेरोजगारी, पेपर लीक की घटनाओं को लेकर करारा हमला बोला। यादव ने कहा कि भाजपा ने किसानों, नौजवानों, मजदूरों, गरीबों सभी के साथ विश्वासघात किया है। उन्हें धोखा दिया है। भाजपा सबसे झूठी पार्टी है। समाजवादी पार्टी और विपक्षी दलों के खिलाफ झूठा प्रचार करती है। भाजपा ने देश के सारे भ्रष्टाचारियों और अपराधियों को अपनी पार्टी में शामिल कर लिया है। दूसरों पर झूठा आरोप लगाती है। किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई। खेती का लागत मूल्य बढ़ गया, लेकिन फसलों का सही मूल्य नहीं मिल रहा है। गेहूं की सरकारी खरीद नहीं हो रही है। भाजपा सरकार ने किसानों की फसलों को एमएसपी का कानूनी अधिकार नहीं दिया। किसान आंदोलन को बदनाम किया। किसानों को अपमानित किया। भाजपा सरकार के दस साल के कार्यकाल में गरीबी और कर्ज से परेशान एक लाख किसानों ने आत्महत्या कर ली। इस सरकार ने पूंजीपतियों का 16 लाख करोड़ का कर्ज माफ कर दिया लेकिन किसानों का कर्ज माफ नहीं किया। भाजपा के दस साल की सरकार में किसी के जीवन में बदलाव नहीं हुआ।



अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा चुनाव हार रही है। इंडिया गठबंधन जीत रहा है। समाजवादी पार्टी पीडीए इंडिया गठबंधन मिलकर भाजपा के एनडीए पर भारी है। जबसे समाजवादी पार्टी ने पीडीए बनाया है, भाजपा घबराई हुई है। पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक, आधी आबादी और आदिवासी समाज एकजुट होकर इंडिया गठबंधन के पक्ष में वोट कर रहा है। जनता ने भाजपा को नकार दिया है। चुनाव हाथ से निकलता देख भाजपा नेताओं की भाषा बदल गयी है। भाजपा की दिल्ली और लखनऊ की सरकार ने महंगाई, बेरोजगारी बहुत बढ़ा दी है। भाजपा के नेता महंगाई, बेरोजगारी और पेपरलीक से नौजवानों को हुए नुकसान की बात नहीं करते है। भाजपा सरकार ने दस साल में नौजवानों की नौकरियां छीनी है। नौकरी, रोजगार नहीं दिया। सिर्फ झूठे वादे किये।

यादव ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव बेहद महत्वपूर्ण और सबसे अलग है। यह चुनाव लोकतंत्र संविधान और आरक्षण बचाने का चुनाव है। भाजपा बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के बनाए हुए संविधान को खत्म करना चाहती है। पिछड़ों, दलितों का आरक्षण समाप्त करना चाहती है। भाजपा के इरादे ठीक नहीं है। वह वोट का अधिकार छीनना चाहती है। भाजपा के अहंकार को खत्म करने का चुनाव है।

अखिलेश यादव ने कहा कि वोट के जरिए सत्ता में आयी भाजपा तानाशाही पर उतर आयी है। विपक्षी नेताओं को झूठे मुकदमों में फंसाकर जेल भेज रही है। सरकारी एजेंसियों ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स का दुरूपयोग हो रहा है। भ्रष्टाचार और महंगाई बढ़ाई है। सरकारी एजेंसियों से दबाव डालकर हजारों करोड़ रुपए का चुनावी चंदा वसूला। इलेक्टोरल बांड ने भाजपा की पोल खोल दी है। उन्होंने कहा कि वोट से सत्ता में आयी भाजपा को वोट की ही ताकत से हटाना है। पहले दो चरणों के चुनाव में जनता ने भाजपा की बैंड बजा दी है। हवा और माहौल इंडिया गठबंधन के पक्ष में है। पहले दो चरणों में जनता ने इंडिया गठबंधन को जिता दिया है। तीसरे चरण में भी भाजपा का सफाया हो जाएगा। यादव ने कहा कि केन्द्र में समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा। किसानों की फसलों को एमएसपी का कानूनी अधिकार दिया जाएगा। किसानों को सम्मान, नौजवानों को नौकरी दी जाएगी। 30 लाख भर्तियां की जाएगी। अग्निवीर योजना खत्म कर युवाओं को सेना की पहले की तरह पक्की नौकरी दी जाएगी। महंगाई कम होगी। शिक्षामित्रों का सम्मान होगा। गरीबों को राशन के साथ पौष्टिक आटा दिया जाएगा। गरीबों को मोबाइल फोन चलाने के लिए डाटा मुफ्त दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने आगरा को बर्बाद कर दिया। बीजेपी नफरत की राजनीति करती है। समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर आगरा में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का क्रिकेट स्टेडियम बनाया जाएगा। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने लोगों के साथ बहुत अन्याय किया है। तमाम लोगों को फर्जी और झूठे मुकदमों में फंसाया है। समाजवादियों को फर्जी मुकदमें लगाकर परेशान किया है।

# एसबीएन इंटर कॉलेज में मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित




अमन लेखनी समाचार

निगोहां ।रघुनाथखेड़ा में एसबीएन इंटर कॉलेज में सोमवार को हाईस्कूल व इंटर के मेधावी छात्र - छात्राओं को प्रबंधक अमरेंद्र सिंह यादव ने फूल माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेटकर सम्मानित किया। प्रबंधक अमरेन्द्र यादव ने बताया कि उनके कॉलेज में हाईस्कूल की मेधावी सादिया खान, यसी दीक्षित पूजा यादव, आदित्य यादव, पूनम, रोहित, संध्या, आराध्या सिंह, व शगुन व इण्टरमीडिएट के मेधावी पीयूष कुमार यादव, शगुन साहू, अंकुल शर्मा को फूल-माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह व गिफ्ट भेटकर सम्मानित किया गया ।इस संरक्षक एसआर यादव,प्रबंधक अमरेंद्र सिंह,कार्यकारी निदेशक एसके यादव प्रधानाचार्य घनश्याम,अवधेश यादव ,नीरज कुमार, वरिष्ठ अध्यापक राम किशोर यादव, पुष्पेंद्र सिंह, एंजेलिना एडिक्शन समेत मेधावी छात्र-छात्राओं के अभिभावक व शिक्षक मौजूद रहें।

## केजरीवाल जेल में बंद, भगवंत मान भी नहीं आएंगे, बिना स्टार आईएनडीआईए का प्रचार कर रही आप

लखनऊ। आम आदमी पार्टी (आप) बिना स्टार प्रचारकों के ही चुनाव प्रचार कर रही है। उत्तर प्रदेश में पार्टी लोकसभा चुनाव नहीं लड़ रही लेकिन विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए के प्रत्याशियों का प्रचार कर रही है। अभी तक कोई स्टार प्रचारकों की सूची प्रदेश के लिए जारी नहीं हुई। पार्टी के संयोजक व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सहित कई बड़े नेता जेल में बंद हैं। शराब घोटाले में आरोपी यूपी प्रभारी संजय सिंह जमानत पर हैं। सिर्फ वही प्रचार कर रहे हैं। आप की नई प्रदेश कार्यकारिणी का गठन भी नहीं हुआ है। बीते 21 अप्रैल को प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह व प्रदेश महासचिव दिनेश सिंह पटेल का कार्यकाल खत्म हो चुका है। अभी तक इन दोनों का कार्यकाल बढ़ाए जाने या फिर कोई नया अध्यक्ष व महासचिव नहीं बनाया गया है। अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल दिल्ली, गुजरात व पंजाब में प्रचार के लिए जाएंगी लेकिन उत्तर प्रदेश आने का अब तक कोई कार्यक्रम नहीं बना है।

# गांव के आधा दर्जन से अधिक किसानों के खेतों में खड़ी गेहूं की फसल में लगी आग

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा इलाके में रविवार को संदिग्ध परिस्थितियों में एक ही गांव के आधा दर्जन से अधिक किसानों के खेतों में खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई। सूचना पाकर पहुंची दमकल गाड़ी ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। लेकिन तब तक करीब छह बीघा फसल और दो किसानों के खेतों में पड़ा भूसा जलकर राख हो गया। इतना ही नहीं इस भीषण आग से बगल में मौजूद वन विभाग के जंगल में खड़े तमाम पेड़ भी जलकर झुलस गए। बताते हैं कि बंथरा के सहिजनपुर गांव में रहने वाले किसान जयप्रकाश के खेत में खड़ी गेहूं की फसल में रविवार सुबह करीब 10:30 बजे संदिग्ध हालत में अचानक आग लग गई। खेत से धुआं और आग की लपटें उठती देख ग्रामीण उसे बुझाने दौड़े। लेकिन तेज हवा के कारण आग बढ़ती चली गई और कुछ ही देर में उसने बगल में मौजूद पप्पू रावत, प्रकाश, शिवराम, कालिका, राम चरन व रामस्वरूप के



खेतों को भी अपनी चपेट में ले लिया। सभी खेतों में खड़ी गेहूं की फसल में आग की तेज लपटें उठने लगी। इसके अलावा बगल में मौजूद परमेश्वर और बुद्धी लाल के खेत में पड़ा भूसा जलने लगा। ग्रामीणों ने आग बुझाने की काफी कोशिश की। लेकिन वह नाकामयाब रहे। स्थिति यह कि तेज हवा से बगल में मौजूद वन विभाग जंगल के अन्दर आग पहुंच गई और पेड़ों को भी अपने चपेट में ले लिया। आग का भयंकर रूप देख ग्रामीण ने आनन फानन फायर कंट्रोल रूम को सूचना दी। सूचना के बाद सरोजनीनगर, पीजीआई और आलमबाग से पहुंची चार दमकल गाड़ियों के जरिए दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत कर कई घंटे बाद आग पर काबू पाया। इस घटना में जयप्रकाश के खेत में खड़ी करीब दो बीघा, पप्पू रावत के खेत में खड़ी लगभग दो बीघा, प्रकाश के खेत में खड़ी करीब पांच बिस्वा, रामचरन के खेत में खड़ी करीब सात बिस्वा, शिवराम के खेत में खड़ी करीब 8 बिस्वा और कालिका व रामस्वरूप के खेत में खड़ी करीब 10 - 10 बिस्वा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। वहीं बगल में मौजूद परमेश्वर के खेत में पड़ा करीब डेढ़ बीघा फसल का भूसा और बुद्धी लाल के खेत में पड़ा करीब एक बीघा फसल का भूसा जलकर राख हो गया। साथ ही जंगल में तमाम पेड़ भी झुलस गए।

# जहाँ हो रहा भ्रष्टाचार, वहीं पहुंच रही ईडी, सीबीआई : डॉ. राजेश्वर सिंह

● राजनाथ सिंह, कौशल किशोर के नामांकन में हजारों समर्थकों संग पहुंचे सरोजनीनगर विधायक

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। राजनाथ सिंह लखनऊ को नयी ऊँचाइयों पर लेकर जा रहे हैं, उनके प्रयासों से लखनऊ में ब्रह्मोस का प्लांट लग रहा है, राजनाथ सिंह लखनऊ में आउटर रिंग रोड बनवा रहे हैं, फ्लाई ओवर बनवा रहे हैं, लखनऊ की जनता को उनसे विशेष लगाव है, राजनाथ सिंह अभूतपूर्व मतों से लोकसभा चुनाव जीतेंगे। ये बाते कहीं हैं सरोजनीनगर से भाजपा विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने मौका था सोमवार को लखनऊ संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह और मोहनलालगंज से भाजपा प्रत्याशी कौशल किशोर के नामांकन का।



सोमवार को राजधानी लखनऊ पूरी तरह से भगवामय नजर आ रही थी, सुबह से ही प्रदेश भाजपा कार्यालय पर कार्यकर्ताओं का हुजूम और बैनर पोस्टर से पटी सड़कें, प्रशासन ने भी इस मौके पर चाक चौबंद तैयारी कर रखी थी। सरोजनीनगर विधायक राजेश्वर सिंह भी सुबह ही अपने हजारों समर्थकों और कार्यकर्ताओं के साथ प्रदेश भाजपा मुख्यालय पहुँच गए। राजनाथ सिंह उत्तर प्रदेश के सीएम योगी और उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी, दोनों डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य, मोहनलालगंज संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी कौशल किशोर, लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल और राजधानी लखनऊ के सभी विधायकों के साथ भगवा रथ पर सवार होकर नामांकन करने लखनऊ कलेक्ट्रेट पहुंचे, इस बीच पूरे रास्ते भर कार्यकर्ताओं ने अपने नेताओं पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस अवसर पर मौजूद रहे सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि विपक्ष के पास पिछली बार से भी कम सीटें आएगी क्योंकि उनके पास न विकास की कोई बात है, न सुशासन का कोई मुद्दा, न नीतियां हैं न कोई नीयत है, वो सिर्फ जातिवाद की बाते करते हैं। विपक्ष के लोग केवल भ्रम फैलाते रहे हैं, कांग्रेस राम को काल्पनिक कहती रही, उनके पास अयोध्या जाने का समय नहीं है। ईडी, सीबीआई से जुड़े मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि जहाँ पर भ्रष्टाचार है वहां पर ईडी, सीबीआई है, ईडी स्वतंत्रता पूर्वक अपना कार्य कर रही है।

मुख्तार अंसारी से जुड़े सवालों का जवाब देते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि माफियाओं का कोई समर्थन नहीं होना चाहिए, मुख्तार के खिलाफ 80 से ज्यादा मुकदमे, 10 से ज्यादा हत्या के मुकदमे थे, अखिलेश यादव द्वारा उनके घर जाना और समर्थन देना ठीक नहीं है। पहले और दूसरे चरण में गिरते वोटिंग परसेंटेज के सवाल पर डॉ. सिंह ने कहा कि विपक्षी की सीटें इस बार 2019 के मुकाबले और ज्यादा घटेंगी क्योंकि उनका वोटर भी जान गया है की विपक्ष कहीं जीत नहीं रही, इसीलिए वो वोट देने घर से नहीं निकला रहा।

# अज्ञात पिकअप ने कार में मारी टक्कर, आधा दर्जन से अधिक घायल

हादसा

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** हरदोई जनपद के संडीला से शादी के लिए लड़की देख कर वापस घर लौट रहे अल्टो कार सवारों को अज्ञात पिकअप डाले ने जोरदार टक्कर मार दी जिसमें दो मासूम सहित आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। तुरंत आनन फानन में परिजनों व ग्रामीणों की मदद से घायलों को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।



घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कार सवार

रहीमाबाद थाना क्षेत्र ग्राम पंचायत भतोइया मजरा भिम्मा खेड़ा निवासी योगेश कुमार चालक (25), व परिवार के मनीष (26),माया उर्फ नन्ही (55),रोशनी (24),गीता (56)सहित दो मासूम गौरी दो वर्षीय व श्रद्धा ढाई वर्षीय कार में सवार होकर संडीला से शादी के लिए लड़की देखकर वापस घर लौट रहे थे। तभी थाना क्षेत्र के जिन्दौर गांव के पास हाईवे ढाबा के करीब सोमवार शाम करीब 6 बजे विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात डाले ने कार में सामने से जोरदार टक्कर मार दी ।जिससे कार में सवार चालक योगेश,माया उर्फ नन्ही गंभीर रूप से घायल हो गई। बाइक से पीछे से आ रहे परिजनों ने गम्भीर घायलों को रहीमाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां घायलों का इलाज चल रहा है ।जबकि चालक मौके से डाला लेकर रफू चक्कर हो गया ।और ऑल्टो कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। इस संबंध में एसओ रहीमाबाद अनुभव सिंह ने बताया कि रहीमाबाद चौराहे पर लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से डाले की तलाश की जा रही है. सभी घायलों का इलाज चल रहा है। घायलों की तरफ से अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

# नौकर ने मालिक को नशीला पदार्थ पिला कीमती ज्वैलरी समेत नकदी पर किया हाथ साफ

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ ।कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में एक घरेलू नौकर ने अपने ही मालिक को नशीला पदार्थ चाय में पिला कीमती ज्वैलरी समेत हजारों की नकदी पर हाथ साफ कर फरार हो गया ।चोरी की जानकारी होने पर पीड़ित ने स्थानीय थाने में पुलिस से नौकर के खिलाफ नामजद शिकायत की है। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित प्रेम नगर निवासी अशोक कुमार सक्सेना ने बताया कि बीते 25 अप्रैल को उनका घरेलू नौकर जनार्दन तिवारी पुत्र अवध राम तिवारी जमौली ककरा निवासी उनके घर पर मौजूद था। उस दौरान उनकी पत्नी सुषमा सक्सेना बेटा अभिषेक के पास गयी हुई थी ।आरोप है कि घर पर मौजूद नौकर जनार्दन ने उनके किचन से चाय बनाकर उनकी टेबुल पर रख दिया जिसे पीते ही वह कुछ देर बाद अनकांसेस हो गए। जिसके तीन चार घंटे बाद उन्हें चाए में कुछ मिलाकर पिलाने का एहसास होने के बाद पत्नी के घर लौटते ही घर की अलमारी का लाकर खोलकर देखा तो अलमारी के लाकर से उनकी पत्नी के गले की चेन, हाँथ कंगन, एक अगूठी, कान के झाले , गले का हार समेत 40 हजार नकदी मौजूद नहीं थी और उनके अलमारी व लाकर की चाभी उनकी डाइनिंग टेबल पर मौजूद थी और नौकर जनार्दन घर पर मौजूद नहीं था। जिसके चलते उन्होंने अपने नौकर पर नशीला पदार्थ चाय में पिला कीमती ज्वैलरी समेत हजारों की नकदी चोरी का आरोप लगाते हुए नामजद शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रक के केबिन के अंदर टैंकर चालक का मिला शव

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर लखनऊ। बंथरा इलाके में सोमवार को एक टैंकर चालक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रक के केबिन के अंदर पड़ा मिला। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने परिजनों की मांग पर शव का पंचनामा भरकर शव उनके सुपुर्द कर दिया। पुलिस के मुताबिक कन्नौज जिले के मकरंद नगर निवासी टैंकर चालक सुभाष चंद्र (45) रविवार को अपने टैंकर में कानपुर से यूरिक एसिड लोड करके लाया था, जो बंथरा के खसरवारा स्थित फैक्ट्री में खाली होना था। लेकिन सुभाष बनी - मोहनलालगंज रोड के किनारे प्रधान धर्म कांटा के पास रात में टैंकर खड़ा कर उसकी केबिन में सो गया। सोमवार सुबह काफी देर तक ना उठने पर प्रधान धर्म कांटा के कर्मचारी उसे जगाने पहुंचे। जहां वह बेसुध नजर आया। बाद में इसकी सूचना बंथरा पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने केबिन खोलकर उसे बाहर निकाला और सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि जांच में पता चला है मृतक अधिक शराब पीता था और शराब पीने से ही उसकी मौत हुई है। वहीं मृतक के परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। जिसके कारण परिजनों की मांग पर शव का पंचनामा भर शव उनके सुपुर्द कर दिया गया।

## जहरीला पदार्थ पीने से इलाज के दौरान अधेड़ की मौत

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर लखनऊ। बंथरा इलाके में करीब 2 सप्ताह पहले डिप्रेशन में आकर जहरीला पदार्थ पीने वाले अधेड़ की सोमवार तड़के इलाज के दौरान निजी अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक बंथरा के भौका पुर निवासी अरविंद कुमार दीक्षित (50) शुगर के मरीज थे। उनका इलाज भी काफी दिनों से चल रहा था, लेकिन स्वास्थ्य लाभ न होने के कारण वह काफी परेशान रहते थे। इसी से परेशान होकर करीब 15 दिन पहले अरविंद ने जहरीला पदार्थ पी लिया। जानकारी होने पर परिजनों ने पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनका इलाज चल रहा था। लेकिन सोमवार तड़के अस्पताल में इलाज के दौरान अरविंद की मौत हो गई। वहीं सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# भाजपा के समर्थन में केशव प्रसाद मौर्य ने की जनसभाएं

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जौनपुर में कहा कि सपा, कांग्रेस और बसपा के नेता घबराए हुए हैं। पीडीए (परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी) ने अभी तक परिवार के पांच सदस्यों को छोड़कर किसी यादव को प्रत्याशी नहीं बनाया है। यूं तो उनके पीडीए का मतलब पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक होता है लेकिन उसकी वास्तविक परिभाषा परिवार से बाहर नहीं है, केवल परिवार का विकास ही है।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लोकसभा जौनपुर से भाजपा प्रत्याशी कृपा शंकर सिंह व मछलीशहर



प्रत्याशी भोलानाथ सरोज (बीपी सरोज) के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि 2014 में मोदी की हवा चल रही थी 2019 में आंधी चली तो 2024 में तूफान चल रहा है। विपक्षियों के हौसले ध्वस्त हैं, वे घरों से बाहर निकलने की हिम्मत नहीं कर पास रहे हैं।

मौर्य ने कहा कि न तो संविधान को खतरा है और न ही लोकतंत्र को, खतरा सिर्फ सपा, कांग्रेस और बसपा को अपने भविष्य को लेकर है। इस चुनाव में विपक्षी पार्टियां आईसीयू में पहुंच गई है। कहीं से आक्सीजन नहीं मिल रही। यूपी की सभी 80 सीटें भाजपा जीत रही है। उन्होंने कहा कि हर बूथ से 370 वोट अधिक डलवाने का काम भाजपा कार्यकर्ताओं को करना है। इतना करने से भाजपा उम्मीदवार रिकॉर्ड वोट से जीत जाएंगे।

# कंपनी के दस लाख रुपए लेकर चालक हुआ फरार, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार


सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर के नादरगंज में अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया स्थित शिमला गोमती पान प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक व हिंद नगर कानपुर रोड निवासी मेघराज सिंह ने राजधानी में आलम नगर पुल के पास रहने वाले चालक विकास गुप्ता के खिलाफ कंपनी के 10 लाख रुपए लेकर गायब हो जाने की सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। मेघराज का कहना है कि कंपनी के 10 लाख रुपए महाराजगंज स्थित चौरसिया जनरल मर्चेंट की प्रोपराइटर आशा चौरसिया के यहां रखवाए थे। उन पैसों को अयोध्या भेजना था, लेकिन किसी कारणवश वह अयोध्या नहीं भेज पाए। इसलिए आशा चौरसिया से वह रकम वापस फैक्ट्री भेजने को कहा। मेघराज का कहना है कि 5 फरवरी को फैक्ट्री से आशा चौरसिया के पास माल भेजना था। जो बाराबंकी के रुधौली निवासीन चालक विकास गुप्ता की गाड़ी से माल भेजा गया और आशा से वह रकम उसी चालक के जरिए कंपनी भिजवाने को कह दिया गया। जिसके बाद आशा चौरसिया ने 5 फरवरी को उक्त रकम चालक विकास गुप्ता के हाथों भेज दी। आरोप है कि विकास गुप्ता गाड़ी और पैसे लेकर कंपनी पहुंचा। लेकिन कंपनी के बाहर ही गाड़ी खड़ी कर उसमें चाबी लगी छोड़कर बिना किसी को सूचना दिए सारी रकम लेकर फरार हो गया। जानकारी होने पर जब उसके मोबाइल पर फोन किया गया तो वह स्विच ऑफ मिला। इसके बाद 6 फरवरी को उसके आधार कार्ड पर अंकित पते पर संपर्क किया गया तो विकास के पिता से पता चला कि वह ना तो वहां रहता है और ना ही वहां पहुंचा है। बल्कि विकास आलमनगर पुल के पास अपनी ससुराल में रहता है। फिलहाल इस मामले में सरोजनीनगर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर चालक विकास गुप्ता की तलाश कर रही है।

# रोडवेज बस ने टैक्सी में मारी टक्कर,चालक की मौत

● दुर्घटना में चालक की हुयी मौत, पत्नी व मासूम बेटा घायल

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ ।निगोहां थाना क्षेत्र के नगराम मोड़ पर सोमवार को तेज रफ्तार अनियंत्रित रोडवेज बस ने टैक्सी में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी,दुर्घटना में टैक्सी चालक की मौत हो गयी। पत्नी व मासूम बेटा घायल हो गया ।सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक चालक के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिये भेजा। मोहनलालगंज के भावाखेड़ा गांव निवासी चालक हरी(25वर्ष) अपनी पत्नी पिंकी व मासूम बेटे आनंद के साथ सोमवार की



सुबह टैक्सी से दवा लेने निगोहां बाजार जा रहा था जैसे ही नगराम मोड़ के पास पहुंचा ही था कि तभी लखनऊ से रायबरेली रोडवेज बस ने टैक्सी में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी,जिसके बाद टैक्सी पलट गयी,दुर्घटना में चालक हरी समेत उसका परिवार घायल हो गया ।सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से घायलो को सीएचसी पहुंचाया जहां डाक्टर ने चालक की हालत देख ट्रामा टू रेफर कर दिया,जब कि घायल पत्नी व मासूम को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी ।परिजन एम्बुलेंस की मदद से गम्भीर रूप से घायल चालक हरी को ट्रामा टू लेकर गये,जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया ।दुर्घटना के बाद रोडवेज बस को मौके पर खड़ी कर चालक फरार हो गया ।चालक के मौत की खबर घर पहुंची तो कोहराम मच गया ।थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया परिजनो की तहरीर पर बस समेत अज्ञात चालक पर मुकदमा दर्ज कर मृतक चालक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया।

## बकाया रुपिया मांगने पर युवक पर किया धारदार हथियार से हमला

सुमेरपुर, उन्नाव। बारासगवर थाना अंतर्गत ट्रैक्टर से जुताई का बकाया पैसा वापस लेने गए युवक पर बकायेदारों ने धारदार हथियारो से हमला कर दिया। घायल युवक ने थाना बारासगवर में जाकर तहरीर दी है । पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चन्दरपुर निवासी विजय शंकर पुत्र शिव मोहन ने थाने में तहरीर देकर बताया उसके चचेरे भाई श्याम बाबू ने गाव के ही बहादुर पुत्र मज्या निवासी ग्राम सेदूपुर का खेत अपने टैक्टर से जोता था और जुताई का पैसा बहादुर ने बाद में देने को कहा था लगभग 3 माह बीत जाने के बाद भी पैसा न मिलने पर कल रविवार शाम को जब मैं बहादुर के दरवाजे पर पैसा लेने पहुँचा उतने मे ही बहादुर व उसका का पुत्र मनीष गाली गलौज व मारपीट करने लगे । रात में जब मैं गंगा के किनारे अपनी बारी मे सो रहा था तभी लगभग 2 बजे रात बहादुर व मनीष धारदार हथियार लेकर आये और गाली देते हुये हमला कर दिया किसी प्रकार से मेरी जान बच सकी। थाना प्रभारी अखिलेश तिवारी ने बताया तहरीर व मेडिकल के आधार पर आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

## वृद्ध महिला को बाइक सवार ने मारी टक्कर हुई घायल

औरास, उन्नाव। पैदल अस्पताल दवा लेने जा रही वृद्ध महिला को अज्ञात बाइक सवार युवक ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे नजदीक के सी एच सी में भर्ती कराया गया जहां पर उसका प्राथमिक उपचार किया जा रहा है थाना औरास क्षेत्र के अजिगाव निवासी मुन्नी 65 वर्ष पत्नी रामकुमार सर्विस रोड से पैदल अस्पताल दवा लेने जा रही थी तभी अज्ञात तेज रफ्तार बाइक सवार युवक ने महिला को जोरदार टक्कर मार दी जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गई स्थानीय लोगो ने उसे सी एच सी औरास में भर्ती कराया जहां उसका प्राथमिक उपचार किया जा रहा है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी की मौत

बांगरमऊ, उन्नाव। सदिग्ध परिस्थितियों में 15 वर्षीय किशोरी के परिजन उसे सीएचसी में लेकर आये जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बांगरमऊ क्षेत्र के भिखारीपुर रूल्ल गांव निवासी बबली 15 पुत्री कमलेश की आज संदिग्ध परिस्थितियों में सोमवार दोपहर अचानक पेट दर्द होने लगा जिसके बाद उसके परिजन गाँव के किसी निजी डॉक्टर के पास दवा लेकर घर वापस आ गए जिसके थोड़ी ही देर बाद फिर से उसकी हालत बिगड़ गयी और वह बेहोश हो गयी। परिजन उसे बांगरमऊ सीएचसी लेकर आये जहाँ पर मौजूद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई और बिना किसी कानूनी कार्यवाही के उसके शव को घर लेकर चले गए। मृतक के परिजनों ने बताया कि बीते रविवार को घर के सभी सदस्यों ने भूसा ढोया था जिससे आज किशोरी की अचानक तबियत खराब हो गयी थी।

# भाजपा प्रत्याशी का कार्यकर्ताओ ने किया जोरदार स्वागत

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर सच्चिदानंद हरि साक्षी महाराज नें आज बांगरमऊ विधानसभा क्षेत्र में फतेहपुर चौरासी ब्लॉक से अपने चुनाव प्रचार कार्यक्रम की शुरूआत की। फतेहपुर चौरासी में पहुंचने पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य अतुल मिश्रा के नेतृत्व में सैकड़ो भाजपा कार्यकताओं ने उनका जोरदारी से स्वागत किया। अपने स्वागत के बाद आयोजित सभा को संबोधित करते हुए निवर्तमान सांसद ने कहा कि मोदी जी पूरे भारत को अपना परिवार मान कर सबके और सबके विकास के मूल मंत्र को चरितार्थ कर रहे हैं । कांग्रेस ने अपने 65 वर्षो के कार्यकाल में सम्प्रदाय विशेष का तुष्टिकरण कर लोगों को ठगने का काम किया ।2014 में मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद समाज के हर वर्ग को सरकार जनहितकारी योजनाओं का लाभ सीधे मिलने लगा। उन्होंने कहा कि एक समय वो था जब अयोध्या में निहत्थे कारसेवकों पर गोलियां चलवाईं गयी थी। सरयू के पावन जल को रामभक्तों के रक्त से लाल कर दिया गया था। कोठारी बन्धुओं समेत अनेकों सनातनियों ने अपने प्राणों की आहुति दे दी थी फिर समय बदला देश को मोदी जी जैसा प्रधान सेवक मिला जिसने पिछले 10 वर्षों के ऐतिहासिक कार्यकाल में भारत की दशा और दिशा दोनों को बदलने का काम किया । अपने संबोधन में उन्होंने बताया आपके वोट की ताकत और मोदी जी की दृढ़ इच्छाशक्ति ही थी जिसके कारण धारा 370 हटाने का ऐतिहासिक कदम उठाया जा सका ।इतना ही नहीं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पूरे देश में सर्वाधिक सड़के उन्नाव में बनाई गई हैं , देश के विभिन्न भागों में जाने के लिए कई एक्सप्रेस वे का निर्माण हुआ है , जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल और उसमें माँ गंगा का पावन जल देने की दिशा में भी कार्य बहुत तेजी से हो रहा है , किसान सम्मान निधि , स्वनिधि योजना , उज्ज्वला योजना जैसी अनेकों योजनाओं ने उन्नाव और देश के आम जनमानस को समृद्ध जीवन देने का काम किया है । आगामी लोकसभा चुनाव में जनता को मोदी जी के अथक परिश्रम और विकास की गति को चौगुनी करने की मोदी की गारेंटी पर पूर्ण विश्वास है । निश्चित ही भाजपा अभूतपूर्व विजय के साथ पुनः एक सशक्त राष्ट्रवादी सरकार बनाने जा रही है ।

कार्यक्रम में विधायक श्री कान्त कटियार, अध्यक्ष नगर पंचायत मिथलेश जैसवाल, पूर्व प्रधान अवधेश समेत कई वरिष्ठ भाजपा नेता , पदाधिकारी , कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे ।सभा के बाद बिधायक श्रीकांत कटियार और अतुल मिश्रा की अगुआई में निवर्तमान सांसद नें ग्राम जमरूद्दीनपुर, गोरी मऊ, लवानी, सरहा, दबौली, गड़ाई, मन्नानगरी, चिरंजू पुरवा, जाजामऊ, उम्मरपुर प्रीतम, कटरी गदनपुर अहार, हरदासपुर, परशु रामपुर, खैरुद्दीनपुर, पखरापुर, दौलतपुर बाजार, खानपुर कुरौली, बरुआघाट, राजेपुर आदि जगहों पर भी पहुंच कर गांव वासियों से भेंट की और अपने लिए वोट मांगे।

# ब्रेक फेल होने से पेड़ से टकराई बस,15 यात्री घायल

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। हरदोई उन्नाव मार्ग पर दूसरे दिन फिर से हादसा हो गया। ब्रेक फेल होने से अनियंत्रित बस रोड किनारे लगे पेड़ से टकरा गई। बस में सवार करीब 15 सवारियां घायल हो गई. इनमें से 9 गंभीर लोगों को सीएचसी फतेहपुर चौरासी व बांगरमऊ में भर्ती कराया गया. जबकि 6 लोगों को प्राथमिक इलाज देकर घर भेज दिया गया. पुलिस हादसे की जांच पड़ताल में जुट गई है। बीते दिन रविवार दोपहर हुई ट्रक-बस की टक्कर में घायल हुए लोग अभी इलाज कराकर घर नहीं पहुंच पाए थे कि सोमवार को फिर एक बस का ब्रेक फेल होने से बस पेड़ से टकरा गई। हादसे के बाद सवारियों में चीख-पुकार मच गई. वहां से गुजर रहे राहगीरों ने इसकी सूचना थाना पुलिस को दी. सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल मनीष (16) पुत्र राम सजीवन निवासी सदमपुर हड़हा निवासी शबनम पत्नी चांद बाबू सलीम पुत्र जमील गंज मुरादाबाद में कार्यरत व मूल रूप से पश्चिम बंगाल निवासी शुभम (25) पुत्र रंजीत को फतेहपुर चौरासी में भर्ती कराया गया। इसके साथ ही गांव गढ़ा बेहटा मुजावर निवासी शिवकली हरदोई निवासी ज्योति आंचल (10) वर्ष शिव (5) वर्ष दिव्यांशु (5) माह को बांगरमऊ सीएससी भेजा गया. 6 मामूली घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया. घटना के पीछे का कारण बस का ब्रेक फेल होना बताया जा रहा है. फिलहाल पुलिस मामले की तप्तीस में जुटी है. एक घायल को गंभीर देख डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। बस में सवार एक महिला यात्री ने बताया कि चालक और परिचालक नशे में थे. इसके पहले भी एक दो वाहनों में बस टकराने से बची थी. थाना फतेहपुर 84 प्रभारी निरीक्षक राजेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची थी और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, मामले की जांच की जा रही है।

# घर में घुसकर मारपीट करने वाले आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल



अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। घर में घुसकर मारपीट किए जाने को लेकर दर्ज मुकदमे में चारों अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया बारा सगवर थाना क्षेत्र के अंतर्गत लोकसभा चुनाव को देखते हुए शान्ति व्यवस्था कायम रखने हेतु पुलिस सक्रियता दिखाते हुए घर में घुसकर मारपीट किए जाने में पंजीकृत निवासी ग्राम टेढ़ा लक्ष्मी शंकर धोबी पुत्र रामस्वरूप आयु लगभग 48 वर्ष द्रव्य शर्मा पुत्र हिमांशु आयु 25 वर्ष पवन कुमार उर्फ विक्की पुत्र प्रमोद पांडे 26 वर्ष दीपक सिंह पुत्र अशोक वर्मा आयु 38 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिय

# फैक्ट्री से काम निपटाने के बाद घर लौट रहे श्रमिक की सड़क दुर्घटना में मौत, परिजनों ने काटा हंगामा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के मगरवारा गांव के पास बीती रात अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बाइक सवार फैक्ट्री श्रमिक की मौत हो गई. पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया ।आसीवन थाना क्षेत्र के सुभानीखेड़ा गांव के रहने वाले शमशेर का 28 वर्षीय बेटा सुल्तान अली मगरवारा की एक लेदर फैक्ट्री में काम करता था। काम के बाद देर रात बाइक से घर जाने को निकला था ।वहीं मगरवारा चौकी के दीवान प्रशांत मिश्रा ने बताया कि शुक्लागंज उन्नाव मार्ग पर एक फैक्ट्री के सामने उसे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी ।टक्कर लगने से वह घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर परिजनों को दी गई। सुल्तान अली के बड़े भाई उस्मान ने बताया कि वह तीन भाई-बहनों में सबसे छोटा और अविवाहित था। मगरवारा के कारोवन में किराए का कमरा लेकर रहता था। साथ में दो भाई भी उसी कमरे में रहकर नौकरी करते थे। बेटी की मौत की खबर मिलने पर मां नूरजहां बेहाल हो गई। रविवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम हाउस में परिजनों का फैक्ट्री प्रबंध तंत्र के लोगों से मुआवजा को लेकर नोक झोंक भी हुई। चौकी पुलिस की हस्तक्षेप के बाद फैक्ट्री प्रबंधन की ओर से परिजनों को 2 लाख नगद हुआ 7.5 लख रुपए फंड बीमा तथा नौकरी आदि का देने की बात कही गई।

## इंजन के चपेट से युवती घायल हालत गंभीर

बांगरमऊ, उन्नाव। खेत में पिता के साथ सिंचाई कर रही युवती पानी पीने के दौरान इंजन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई। चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर पिता ने उसे आनन फानन सीएचसी में भर्ती कराया जहाँ से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मतकरी गांव निवासी शैलेंद्री 18 वर्ष पुत्री राजेश अपने परिवार के साथ आज सोमवार सुबह इंजन लगाकर अपने खेत की सिंचाई कर रहा था तभी उसकी पुत्री पानी पीने इंजन के पास पहुंची और पानी पीने लगे तभी उसका दुपट्टा इंजन के पट्टे में फस गया और वह चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई। चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर दौड़े पिता ने इंजन बंद कर दिया और उसे आनन-फानन बांगरमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहां पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# जनपद में 5 वा स्थान लाने वाले छात्र को किया सम्मानित




अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में जनपद में 5वाँ स्थान प्राप्त करने वाले छात्र शिवम पुत्र अशोक कुमार को जीनियस पब्लिक स्कूल द्वारा ट्राफी, स्मार्ट फोन और दस हजार रुपये नकद देकर सम्मानित किया गया। साथ ही आगे की स्नातक व परास्नातक स्तर की पढाई का पूरा खर्चा कालेज के द्वारा उठाने का वचन दिया गया। इसके साथ ही मेडिकल, बैंकिंग सहित सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क ऑनलाईन कक्षाओं का शुभारम्भ प्रबन्धक जुल्फिकार अली भुट्टो द्वारा किया गया। अपने सम्बोधन में प्रबन्धक ने शिक्षा का जीवन पर पडने वाले प्रभाव से अवगत कराया। समारोह में प्रधानाचार्य आदर्श कुमार पाण्डेय व अध्यापक आशीष यादव, लाल बहादुर कनौजिया, सन्दीप कुमार सहित समस्त स्टाफ मौजूद था।

# साइकिल सवार को बचाने में बाइक खंती में पलटी दो बहन एक भाई घायल

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के परियर सफीपुर मार्ग पर गहोली गांव के पास दो बहनों के साथ भाई कस्बे से खरीदारी कर घर वापस जाते समय साइकिल को बचाने के चक्कर में बाइक अनियन्त्रित हो कर खंती में पलट गई जिससे दोनों बहनें व चालक भाई गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया जहा पर मौजूद डॉ ने गंभीर हालत देखते तीनो घायलों को जिला अस्पताल भेज दिया फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के खैरी चंदेला गांव निवासी मदन कश्यप का 19 वर्षीय पुत्र विशाल अपनी बहन शीलू व रोली के साथ सफीपुर कस्बा घर के लिए जरुरी सामान खरीदने आया था खरीददारी करने के बाद तीनो अपने घर वापस बाइक से जा रहे थे कोतवाली क्षेत्र के परियर सफीपुर मार्ग पर गहोली के गांव पास पहुंचे ही थे कि तभी आगे जा रहा साइकिल सवार अचानक बीच सड़क पर आ गया उसी को बचाने के चक्कर में बाइक अनियन्त्रित हो गई और घसिटती हुई खंती में चली गई जिससे बाइक सवार दो सगी बहने व भाई गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया जहां पर मौजूद डॉ ने गंभीर हालत देखते घायलों जिला अस्पताल भेज दिया।

## सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। थाना क्षेत्र के एक गांव से वापस पैदल घर जा रहे को युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह गम्भीर धायल हो गया परिजन घायल को सी एच सी सफीपुर ले गये जहाँ से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जिसकी उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई ।थाना क्षेत्र के गाँव सैंता निवासी गुड्डू (35) पुत्र राजा राम रविवार शाम आठ बजे के करीब गाँव शकूराबाद से पैदल घर वापस जा रहा था। अभी वह गाँव के पास पहुंचा ही था की हुलासी कुआं तकिया मार्ग पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। परिजन घायल को सी एच सी सफीपुर ले आये, जहां से जिलाअस्पताल रेफर कर दिया गया। जिलाअस्पताल में गुड्डू की मौत हो गयी। मृतक मजदूरी करके परिवार का पालन करता था ।प्रभारी निरीक्षक राजेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# अवैध कच्ची शराब समेत तीन महिला एक युवक गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार अवैध मदिरा की बिक्री व परिवहन की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी रवि शंकर के नेतृत्व में निशांत सिंह आबकारी निरीक्षक पुरवा स्थानीय मौरॉवा पुलिस के साथ ग्राम -असरेन्दा, जनवारनखेड़ा में एकबारगी दबिश देते हुए 370 लीटर अवैध कच्ची शराब समेत कलाना पत्नी दुक्खी आशा पत्नी रामबरन सरजू देई पत्नी स्वर्गीय कल्लू श्री पाल पुत्र बुद्दीलाल को गिरफ्तार किया।

## बिना अनुमति के किसान के खेत से खोद ली मिट्टी

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। क्षेत्र के गांव अतरसई निवासी पीड़ित ने पीएनसी कंपनी द्वारा बिना अनुमति के मिट्टी खोद लेने का आरोप लगा एसडीएम से शिकायत की हैं ।एसडीएम ने जांचकर कार्रवाई का आश्वासन दिया हैं ।क्षेत्र के गांव अतरसई निवासी राजेश कुमार ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव स्थित भूमि संख्या 98 रकबा 0.3350 हैं ।उक्त भूमि पर रविवार रात पीएनसी कंपनी द्वारा बिना जानकारी के खेत से लगभग 6 फिट गहरी मिट्टी खोद ली ।जब इसकी जानकारी हुई तो खेत पहुंचकर देखा तो मिट्टी खुदी हुई मिली ।जब इस संबंद्ध में पीएनसी कंपनी के लोगो से बात करना चाहा तो किसी ने बात करने से इनकार कर दिया ।एसडीएम रनवीर सिंह ने जांचकर कार्रवाई का आश्वासन दिया हैं।

## अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर, दो घायल

पुरवा, उन्नाव। क्षेत्र के गांव पासाखेड़ा निवासी 48 वर्षीय विनोद रिश्तेदार अनिल 45 वर्ष निवासी महराजखेड़ा के साथ सोमवार दोपहर बाइक से किसी काम से पुरवा जा रहा था ।तभी अचलगंज -पुरवा मार्ग पर गदोरवा गांव के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी ।जिससे दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गए ।ग्रामीणों की मदद से एंबुलेंस से दोनों घायलों को सीएचसी भिजवाया गया जहां दोनों की हालत गंभीर होने पर डाक्टर ने जिलाअस्पताल रेफर कर दिया ।कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि घायलों को जिलाअस्पताल भेजा गया हैं। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# कोई भी बुखार हो सकता है खतरनाक जांच में न बरते लापरवाही

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। चिकुनगुनिया /मलेरिया/ फाइलेरिया तथा अन्य वेक्टर जनित रोगों से बचाव के संबंध में संचालित किए जा रहे विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान/दस्तक अभिया न माह अप्रैल 2024 के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुरवा में जिला मलेरिया अधिकारी उन्नाव रमेश चन्द्र यादव तथा अधीक्षक पुरवा डा दिनेश कुमार की सह अध्यक्षता में एक बैठक आहूत की गई, जिसमे समस्त, ऐं.एन.एम.आशा द्वारा प्रतिभाग किया गया। उक्त बैठक में सामुदयिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा वेक्टर जनित रोगों से बचाव के संबंध में कराई जा रही गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की गई ।अधीक्षक डा दिनेश कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि केंद्र के अधीन आने वाले समस्त ग्राम पंचायतों में आशाओं के माध्यम से में बुखार से पीड़ित व्यक्तियों की प्रभावी स्क्रिनिग सुनिश्चित कराई जा रही है।, तथा दस्तक अभियान के अंतर्गत आशा घर घर जाकर आभा आईडी, एव आयुष्मान कार्ड भी बना रही है ।आशाओं के कार्य का पर्यवेक्षण ूँङ्क , तथा एएनएम द्वारा सुनिश्चित कराया जा रहा है ।इसके अतिरिक्त बुखार के रोगियों की जांच मलेरिया आर. डी. टी.किट से करवा कर अन्य वेक्टर जनित रोगों यथा डेंगू/चिकुनगुनिया/जे. ई/ए. ई. एस./स्क्रब टाइफ्स की जांच हेतु रक्त सैंपल इकट्ठा करवा कर कंट्रोल रूम को प्रेषित किया जा रहा है ।बुखार के रोगियों की ग्राम स्तर पर प्रभावी स्क्रीनिंग कराए जाने हेतु केंद्र की प्रत्येक आशा को 10 किट उपलब्ध कराई गई है, जिसकी जांच रिपोर्ट प्रयोगशाला तकनीशियन के माध्यम से जनपद मुख्यालय को प्रेषित की जाएगी। डेंगू /मलेरिया से ग्रसित सूचित रोगियों के घर पर ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत राज विभाग से अंतर्विभागीय समन्वय्य स्थापित करते हुए समस्त निरोधात्मक कार्यवाही ( इंडोर स्प्रे/एंटीलार्वल/ फॉगिंग/ साफ सफाई )सुनिश्चित कराई जा रही है ।उपरोक्त बैठक के अतिरिक्त जिला मलेरिया अधिकारी द्वारा स्वास्थ्य केंद्र में स्थापित ई. टी. सी.सेंटर का निरीक्षण किया गया।, तथा नोडल ई . टी.सी.को उक्त से संबंधित समस्त व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए ।नोडल द्वारा अवगत कराया गया कि विगत माह में कुल26हाई ग्रेड फीवर के मरीजों को ई . टी.सी.सेंटर में भर्ती करते हुए उन सभी की डेंगू/मलेरिया/चिकुनगुनिया स्क्रब टाइफस की जांच हेतु सैंपल लखनऊ भेजे गए, जिसमे सभी की रिपोर्ट नेगेटिव पाई गई. बैठक में उपस्थित प्रयोगशाला तकनीशियन अंब्रिश कुमार को प्रयोग शाला से संबंधित जानकारी प्राप्त करते हुए, प्रयोग शाला को साफ सुथरा रखने के निर्देश प्रदान किए गए ।इसके अतिरिक्त प्रयोगशाला में निर्धारित ग्राफ , चार्ट, सही स्थान पर लगवाने के निर्देश प्रदान किए गए ।प्रयोग शाला में रक्त पट्टिका के आवक रजिस्टर , धनात्मक केस से संबंधित रजिस्टर , मासिक तकनीकी रजिस्टर, मलेरिया क्लीनिक रजिस्टर आदि पूर्ण रखने के निर्देश प्रदान किए गए ।इसी प्रकार जांच में धनात्मक रोगियों की संख्या बढ़ने पर तत्काल चिकित्सा अधिकारी तथा अधोहस्थाक्षरी को सूचित किया जाए ।इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी ।बुखार के रोगियों का रक्त पट्टिका संकलन अगर लक्ष्य से कम रहा तो प्रभावी कार्यवाही भी सुनिश्चित कराई जाएगी।

# प्रेक्षक ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराये जाने हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा क्षेत्र 33-उन्नाव के लिए तैनात किये गये प्रेक्षक (सामान्य) बाबू ए0 के द्वारा जनपद के विधानसभा क्षेत्र 167 पुरवा के मतदेय स्थल प्राथमिक विद्यालय पाठकपुर विकास खंड असोहा में बूथ संख्या 218, 219 व 220 का निरीक्षण करते हुए निर्देशित किया कि वोटर गाइड लाइन वितरित की जाए, एएसडी सूची तैयार की जाए तथा बूथ के बाहर कुल मतदाताओं की सूची एवं हेल्प लाइन नम्बर का बोर्ड के साथ ही 200 मी0 की सीमा निर्धारित की जाए। इस अवसर पर मा0 प्रेक्षक ने ग्रामीणों से निर्वाचन के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। इसके उपरान्त उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर विकास खंड असोहा के बूथ संख्या 373, 374 का निरीक्षण करते हुए बी0एल0ओ0 अरविन्द कुमार सिंह, सहायक अध्यापक को निर्वाचन सम्बन्धी कोई कार्य पूर्ण न होने के कारण निलम्बित करने के निर्देश दिये। उन्होने वोटर गाईड लाइन वितरित करने एवं एएसडी सूची तैयार करने के साथ ही एजेंट को निर्धारित स्थान पर मतदान के दिन बैठाने के भी निर्देश दिये। प्राथमिक विद्यालय मौरावां प्राचीन विकास खण्ड हिलौली में बूथ संख्या 313, 314 का निरीक्षण करते हुए वोटर गाईड लाइन वितरित करने, एएसडी सूची तैयार करने तथा एजेंट को निर्धारित स्थान पर मतदान के दिन बैठाने के निर्देश दिये ।प्रेक्षक द्वारा विधानसभा क्षेत्र 167 पुरवा के निरीक्षण के दौरान पुरवा तहसील में उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं जोनल मजिस्टेट के साथ निर्वाचन प्रक्रिया को सम्पन्न कराने हेतु बैठक की गयी इसके उपरान्त निर्वाचन कन्ट्रोलरूम का निरीक्षण करते हुए निर्देशित किया कि एफएसटी टीम की जीपीएस के द्वारा लोकेशन टेस करने के लिए कन्ट्रोलरूम में व्यवस्था की जाए। मा0 प्रेक्षक द्वारा जय किसान इन्टर कालेज चमियानी विकास खण्ड पुरवा में बूथ संख्या 113, 114, 115, 116 एवं 117 में निर्वाचन कराये जाने हेतु तैयारियों का निरीक्षण किया गया।

# रिपोर्ट वापस न लेने से नाराज अधिवक्ताओं ने किया धरना प्रदर्शन



अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। एडीएम के प्रस्ताव के बाद भी नायब तहसीलदार द्वारा दो अधिवक्ता सहित एक अन्य पर रिपोर्ट वापस न लेने पर नाराज संघ अधिवक्ताओं ने रजिस्ट्री कार्यालय के बाहर अनिश्चित कालीन धरने पर बैठ कर रिपोर्ट वापस लेने को लेकर नारेबाजी करने लगे ।18 मार्च को नायब तहसीलदार पूर्णिमा तिवारी की तहरीर पर तहसील अधिवक्ता सुधीर सिंह निवासी रसूलपुर बकिया, अखिलेश यादव व एक अज्ञात युवक पर सरकारी कार्य में बाधा, आचार संहिता का उलंघन सहित मारपीट व जान से मारने की धमकी की धाराओ में रिपोर्ट दर्ज हुई थी ।अधिवक्ता की तरफ से रिपोर्ट न दर्ज होने पर अधिवक्ताओं ने अनिश्चित कालीन तहसील से कार्य बहिष्कार कर दिया था। साथ ही पुरवा , सफीपुर, बागरमऊ के अधिवक्ताओ ने भी कार्य बहिष्कार कर दिया था ।मामला बढ़ता देख। 11 अप्रैल को एडीएम नरेंद्र सिंह ने हसनगंज एसडीएम हिमांशु गुप्ता , तहसीलदार विराग करवरिया नायब तहसीलदार पूर्णिमा तिवारी सहित उन्नाव बार एसोसिएशन अध्यक्ष सतीश शुक्ला , हसनगंज बार एसोसिएशन अध्यक्ष सजीवन सिंह, महामंत्री राजीव सिंह आदि लोगो के बीच बैठकर वार्ता हुई जिसमे एडीएम ने संघ से हड़ताल वापस कर कार्य पर आने की बात कही थी जिसपर संघ ने मांग की थी की अधिवक्ताओं पर दर्ज रिपोर्ट वापस ली जाए जिसपर नायब तहसीलदार पूर्णिमा तिवारी की तरफ से अधिवक्ता पर दर्ज रिपोर्ट एक सप्ताह में वापस लेने की भरोसा दिया गया था लेकिन 18 दिन बीत जाने के बाद भी नायब तहसीलदार ने रिपोर्ट वापस नहीं ली जिसपर सोमवार को हसनगंज बार एसोसिएशन संघ अधिवक्ताओं के साथ रजिस्ट्री कार्यालय के बाहर अनिश्चित कालीन धरने पर बैठकर रिपोर्ट वापस लेने की नारेबाजी करने लगे ।हसनगंज बार एसोसिएशन महामंत्री राजीव सिंह ने बताया कि एडीएम के प्रस्ताव पर एक सप्ताह में नायब तहसीलदार के द्वारा दर्ज रिपोर्ट वापस लेने की सहमति पर हड़ताल वापस हुई थी ।लेकिन 18 दिन बीत जाने के बाद भी दर्ज रिपोर्ट वापस नहीं हुई। जिससे नाराज संघ अधिवक्ताओं ने रजिस्ट्री कार्यालय के बाहर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठकर दर्ज रिपोर्ट वापस लेने की मांग की है। जब तक रिपोर्ट वापस नहीं होगी तब तक धरना चलता रहता रहेगा।

## सम्पादकीय

# ईवीएम की विश्वसनीयता पर बेवजह सवाल सही नहीं

देश में जारी आम चुनाव के दौरान वीवीपैट से जुड़ीं सभी याचिकाएं खारिज कर सौ फीसदी वीवीपैट से मिलान की मांग का फिलहाल पटाक्षेप हो गया है। ईवीएम को लेकर जारी बहस पर भी विराम लग गया है। देश में ईवीएम से चुनाव होते रहेंगे, मतपत्र की ओर लौटने की किसी भी संभावना का अंत हो गया है। चुनाव की मौजूदा व्यवस्था चलती रहेगी। अभी ईवीएम से चुनाव होते हैं और चुनिंदा सेंटरों पर वीवीपैट से मिलान की व्यवस्था है। ईवीएम से चुनाव में किसी भी प्रकार की तकनीकी गड़बड़ी की आशंकाओं को निर्वाचन आयोग पहले ही खारिज कर चुका है। उच्चतम न्यायालय ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के माध्यम से डाले गए वोट का 'वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल' (वीवीपैट) के साथ मिलान कराने का अनुरोध करने वाली सभी याचिकाएं खारिज करते हुए अहम बात कही कि तंत्र के किसी भी पहलू पर ''आंख मूंद कर अविश्वास करना'' बिना वजह संदेह पैदा कर सकता है। पीठ ने मतपत्रों से चुनाव कराने की प्रकिया पुनः अपनाने का अनुरोध करने वाली याचिका भी खारिज कर दिया है। दरअसल, लोकतंत्र का अर्थ सद्भाव और सभी संस्थाओं में भरोसा बनाए रखने का प्रयास करना है। सुप्रीम कोर्ट ने एक बड़ा फैसला भी दिया है कि उम्मीदवार की शिकायत पर ईवीएम की जांच हो सकती है। ईवीएम के 42 वर्ष के इतिहास में ऐसा प्रावधान पहली बार किया गया है। अगर दूसरे या तीसरे नंबर पर आने वाले को किसी प्रकार का शक है तो वे 7 दिनों के भीतर शिकायत कर सकते हैं। इस जांच का खर्च प्रत्याशी को उठाना होगा। जांच के बाद अगर ये साबित होता है कि ईवीएम से छेड़छाड़ की गई है तो शिकायत करने वाले उम्मीदवार को जांच का पूरा खर्च लौटा दिया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को भी तीन निर्देश दिए हैं। चुनाव चिन्ह लोडिंग प्रक्रिया के पूरा होने के बाद इस यूनिट को सील कर दिया जाए। सील की गई यूनिट को 45 दिन के लिए स्ट्रॉन्ग रूम में स्टोर किया जाए। इलेक्ट्रॉनिक मशीन से पेपर स्लिप की गिनती के सुझाव का परीक्षण किया जाय। कोर्ट ने कहा कि चुनाव आयोग यह भी देखे कि चुनाव चिन्ह के अलावा हर पार्टी के लिए बारकोड भी हो सकता है क्या? दिलचस्प है कि ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाने वाली याचिकाओं को अदालत ने अब तक 40 बार खारिज की है। 24 अप्रैल को 40 मिनट की सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। इस पीठ में शामिल न्यायाधीश न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता ने एक महत्वपूर्ण बात भी की है कि केवल अटकल के आधार पर चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठाने की अनुमति नहीं दे सकते। यह उन याचिकाकर्ताओं को आईना दिखाना है, जो बार-बार इस मुद्दे को अदालत लेकर गए हैं। न्यायमूर्ति दत्ता ने कहा, याचिकाकर्ता न तो कभी यह दिखा पाए कि चुनाव में ईवीएम का इस्तेमाल निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव के सिद्धांत का कैसे उल्लंघन करता है और न ही डाले गए सभी वोट से वीवीपैट पर्चियों के शत प्रतिशत मिलान के अधिकार को साबित कर सके। चुनाव में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए वीवीपैट का इस्तेमाल करीब 11 वर्ष पहले शुरू किया गया था। समय के साथ ईवीएम खरी उतरी हैं और मतदान प्रतिशत में वृद्धि इस बात को मानने का पर्याप्त कारण है कि मतदाताओं ने मौजूदा प्रणाली में विश्वास व्यक्त किया है। देश को पिछले 70 वर्ष से स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने पर गर्व रहा है, जिसका श्रेय काफी हद तक निर्वाचन आयोग और जनता द्वारा उस पर जताए गए विश्वास को दिया जा सकता है।

# राजनीतिक मूल्यों को न भूलें दल



चुनाव

अखिलेश आर्येंदु

> लोकतंत्र के इस उत्सव में जब चुनाव की गहमागहमी का मकसद येन केन प्रकारेण महज सत्ता हासिल करने तक ही सीमित हो गया हो तो दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के भविष्य को लेकर सवाल उठने स्वाभाविक हैं। मूल्य पतन और विचारहीनता सत्ता पाने की ललक भले ही पूरी करती हो, लेकिन भारतीय लोकतंत्र के लिए यह सुखद स्थिति नहीं है। लोकतंत्र का शासन सर्व जन हिताय सर्व जन सुखाय के लिए जाना जाता है। लोकतंत्र की गहराई को लेकर यकीन भी होता है कि जिस लोकतंत्र के पहरुए डॉ. लोहिया, नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री रहे हों, वहां राजनीतिक मूल्यहीनता और भ्रष्टाचार का बढ़ना और भी चिंताजनक है।

बदलते जमाने ने हमें यह सिखा दिया है कि हवाओं के साथ बहना ही अच्छा है। कविता की ये पंक्तियां आज के राजनीतिक माहौल को बयां करने के लिए काफी हैं। लोकतंत्र के इस उत्सव में जब चुनाव की गहमागहमी का मकसद येन केन प्रकारेण महज सत्ता हासिल करने तक ही सीमित हो गया हो तो दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के भविष्य को लेकर सवाल उठने स्वाभाविक हैं। जाहिर तौर पर लोकतंत्र का शासन सर्व जन हिताय सर्व जन सुखाय के लिए जाना जाता है। लोकतंत्र की गहराई को लेकर यकीन भी होता है कि जिस लोकतंत्र के पहरुए डॉ. लोहिया, नेहरू, आचार्य नरेंद्रदेव, लाल बहादुर शास्त्री, जेपी. कामराज, कर्पूरी ठाकुर व चौधरी चरण सिंह रहे हों, वहां राजनीतिक मूल्यहीनता और भ्रष्टाचार का बढ़ना और भी चिंताजनक है।

इस चुनाव को देखकर स्वामी विवेकानंद का वह वाक्य भी याद आता है कि राजनीति एक खेल है जिसे चालाक लोग खेलते हैं, मूर्ख लोग दिनभर चर्चा करते हैं। चुनाव में चर्चाओं का दौर दिनभर चलता है। ये चर्चाएं हिंसक, अहिंसक, व्यर्थ और काम की भी हुआ करती हैं। कहते हैं लोकतंत्र में चर्चाएं चुनाव के वक्त हवा बनाने या हवा का रुख बदलने का कार्य किया करती हैं, लेकिन ये चर्चाएं वाद-विवाद झगड़े और हिंसा की वजह बन जाएं तो यह सेहतमंद लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। जाहिर तौर पर आम चुनाव लोकतंत्र का जिंदा रहने का सबूत और यकीन भी है, लेकिन आम चुनाव में जिस तरह से राजनीतिक मूल्यों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जाती हैं, वह दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रति आशंका भी पैदा कर रहा है। इसके लिए महज राजनेता ही जिम्मेदार नहीं हैं बल्कि देश का सारा तंत्र कमोवेश जिम्मेदार है। दो चरण का चुनाव हो चुका है। पहले चरण में पिछले आम चुनाव से कम मत पड़े हैं। इसकी तमाम वजह बताई जा रही हैं, लेकिन उन तमाम वजहों में एक बड़ी वजह मतदाताओं का चुनाव के प्रति उदासीन होना बताया जा रहा है। चुनाव आयोग की तमाम कवायदों के बावजूद यदि मत प्रतिशत कम है तो इसकी वजह तो यह भी हो सकती है कि लोगों के सामने कोई पार्टी या नेता के रूप में कोई ऐसा विकल्प नहीं दिख रहा है जो उनकी उम्मीदों पर खरा उतर सकता हो। गौरतलब है आजादी के सात दशक बाद भी करोड़ों लोगों के सामने यदि समस्याओं का अम्बार लगा मिले और आम आदमी खुद को उन समस्याओं को कम या हल करने में अक्षम पा रहा हो तो उसकी उम्मीदों पर पानी फिरता ही है। इसके लिए भले ही किसी एक पार्टी को जिम्मेदार न मानें, लेकिन सबसे लम्बे समय तक देश पर शासन करने वाली पार्टी की नाकामी को नज़रअंदाज नहीं किया जा सकता है। इस बार के आम चुनाव में भी एक बार फिर राजनीतिक दलों में सत्ता हासिल करने के लिए राजनीतिक मूल्यों की परवाह न करते हुए वे सभी हथकंडे अपनाए जा रहे हैं जो राजनीतिक मूल्यों और लोकतंत्र के लिए किसी भी तरह जायज नहीं ठहराए जा सकते हैं। विडम्बना ही कही जाएगी कि सत्ता पाने के लिए वे दल भी इस चुनावी समर में दंडबैठक कर रहे हैं जिनका न जनाधार है और न ही




कोई बेहतर दूरदर्शी राजनीतिक सोच ही है। जाहिर तौर पर राजनीतिक गठजोड़ व दबाव की राजनीति के बूते सत्ता हथियाने की सारी तरकीबें इस चुनाव में देखी जा सकती है। यह देखते हुए अच्छे, निष्ठावान, मूल्यों को संरक्षित करने वाले ईमानदार व सक्षम जननायक लोकतंत्र के इस समर में कूदने की हिम्मत ही नहीं जुटा पा रहे हैं। यह स्वस्थ लोकतंत्र के भविष्य के लिए अच्छा नहीं कहा जा सकता है। आज जरूरत इस बात की है कि राष्ट्रीय सुरक्षा, विकास के लिए स्वदेशी का आधार, सतत आर्थिक व सामाजिक विकास, पशुधन व पर्यावरण सुरक्षा, सुशासन, स्वावलम्बन, हिंसा व भ्रष्टाचार मुक्त समाज, हर हाथ को काम व उसका उचित दाम और मूलभूत आवश्यकताएं मसलन सड़क, बेहतर यातायात के साधन, कृषि और कृषकों की खुशहाली, सब को बिजली, सबके लिए समान अधिकार व कानून, राजनीतिक व सामाजिक आचार संहिता का पालन, भारतीय शिक्षा का माध्यम भारतीय भाषाओं में ही सुनिश्चित करने की गारंटी, सबको पीने योग्य पानी, प्राकृतिक व मानव संसाधन का जरूरत के मुताबिक वितरण, सबको फ्री चिकित्सा, गरीब व मजदूर वर्ग के उत्थान के लिए ठोस नीतियां, आधुनिक सूचना तंत्र को और बेहतर बनाने की योजनाएं, बढ़ती गैर बराबरी को खत्म करने के लिए ठोस आर्थिक नीति, महिलाओं की सुरक्षा व खुशहाली, युवा वर्ग की क्षमता का बेहतर इस्तेमाल जैसे जनहितकारी और राष्ट्रीय मुद्दों की जगह लोक लुभावने वादे, नारे और भाषणों की भरमार किस लोकतंत्र के हिस्से कहे जाएंगे! राजनीति के केंद्र में जो वादे या घोषणाएं होनी चाहिए उनकी जगह तुष्टिकरण, लोक लुभावने वादे, राजनीति कर सत्ता पर काबिज होने का चलन का लगातार बढ़ते जाना सुखद लोकतंत्र का हिस्सा नहीं है, यह सच्चाई यदि किसी दल को याद नहीं है तो इससे न तो संविधान की रक्षा हो सकती है और न ही लोकतांत्रिक मूल्यों और शक्तियों को सुरक्षित करना ही सुनिश्चित हो सकता है। भारतीय लोकतंत्र का स्वरूप ऐसा होना चाहिए कि दूसरे मुल्क भी भारत के मूल्याधारित लोकतंत्र को दुनिया का सबसे बेहतरीन लोकतंत्र कह कर इसकी सराहना करते। आज भारत के इस लोकतंत्र के उत्सव पर विश्व मीडिया की बारीक नजर लगी हुई है। वे इस उत्सव के अप्रत्यक्ष पर्यवेक्षक बने हुए हैं, इसलिए आम चुनाव महज भारतीय लोकतंत्र के लिए ही महत्वपूर्ण नही है बल्कि दुनिया में तेजी से भारत की बढ़ती साख के नजरिये से भी महत्वपूर्ण है। जिस लोकतंत्र के स्वप्न हमारे संविधान निर्माताओं ने देखे थे उन स्वप्नों को पंख देने की दृढ़ इच्छा शक्ति किसी दल में दिखाई नहीं दे रही है। शायद इसलिए मतदाता इस बार खामोश है। उसकी उदासीनता यह बताती है कि कोई भी सत्ता में आए उसकी रोजमर्रा की समस्याएं जस की तस रहने वाली हैं।

भारत के कई राज्यों में लम्बे समय से अराजकता का माहौल देखने को मिलता रहा है। बाहुबलियों और माफियाओं ने अपना दबदबा शासन तक बना रखा था। लोकतंत्र का क्षरण और लोकतंत्र को बंधक बनाने वाली प्रथम चरण में देश के पूर्वोत्तर और पश्चिम बंगाल में हिंसा की खबरें लोकतंत्र के इस उत्सव को क्या दागदार नहीं बनाती! राष्ट्रीय हितों की कीमत पर मूल्य पतन और विचारहीनता सत्ता पाने की ललक भले ही पूरी करती हो, लेकिन भारतीय लोकतंत्र के लिए यह सुखद स्थिति नहीं है। आम आदमी को चाहिए कि वह जात पात, क्षेत्रवाद और निहित स्वार्थों से ऊपर उठकर केवल ऐसी पार्टियों और नेताओं का बहिष्कार ही न करे वरन, अपने बहुमूल्य मत का इस्तेमाल करते हुए देशहित में निर्णय लें। जाहिर तौर पर राष्ट्रीय सुरक्षा, सबका साथ लेते हुए सबका विकास और आर्थिक व सामाजिक विकास के लिए जो पार्टी कटिबद्ध दिखे उसे ही अपना बहुमूल्य मत दें। नोटा की बटन भी इसमें से कोई नहीं के तौर पर विकल्प के रूप में मौजूद है।

## सारा संसार



*अट्टुकल भगवती मंदिर केरल के तिरुवनंतपुरम में स्थित बहुत ही आकर्षक मंदिर है। अट्टुकल भगवती मंदिर माँ देवी भगवती को समर्पित एक धार्मिक मंदिर है। इसे महिलाओं की सबरीमाला के रूप में जाना जाता है और अपने वार्षिक अट्टुकल पोंगल उत्सव के लिए बड़ी संख्या में महिला भक्तों को आकर्षित करती है।*

## व्यक्ति को कैसे मिल सकती है दुखों से मुक्ति



संकलित

दर्शन

छठी शताब्दी ईसा पूर्व में संपूर्ण विश्व दर्शन के नए क्षितिज स्पर्श कर रहा था। चीन में कन्फ्यूशियस और लाओत्से, ईरान में जरथुस्त्र, यूनान में पाइथागोरस नए तर्क गढ़ रहे थे तो भारत में महावीर स्वामी और गौतम बुद्ध वैदिक दर्शन को नया आयाम देने में लगे थे। गौतम बुद्ध ने बताया कि जन्म से लेकर मृत्यु तक संपूर्ण जीवन दुखमय है। मृत्यु भी दुख का अंत नहीं है, बल्कि नए दुख का आरंभ है, क्योंकि मृत्यु के बाद भी पुनर्जन्म होता है। उनका मानना था कि प्राणी की इच्छा अपूर्ण रहती है तो पुनर्जन्म लेना पड़ता है। बुद्ध अनात्मवादी और अनीश्वरवादी तो थे, किंतु भौतिकवादी नहीं थे। उनका मत है कि सृष्टि में जो कुछ है वह क्षणिक है, परिवर्तनशील है। द्वितीय आर्य सत्य है कि प्रत्येक कार्य का कारण अवश्य होता है, जिसे बुद्ध ने प्रतीत्यसमुत्पाद कहा। इस दुख के कारणता सिद्धांत को द्वादश निदान चक्र भी कहा जाता है। इस दुख का मूलभूत कारण अविद्या है। अविद्या से संस्कार या पूर्व में किए गए कर्मों की प्रवृत्तियां उत्पन्न होती हैं। संस्कार से विज्ञान, विज्ञान से नामरूप, नामरूप से षडायतन, षडायतन से स्पर्श, स्पर्श से वेदना, वेदना से तृष्णा, तृष्णा से उपादान, उपादान से भव, भव से जाति, जाति या जन्म से जरा-मरण का दुख भोगना पड़ता है। बौद्ध दर्शन का तृतीय आर्यसत्य दुख-निरोध है। दुखों के मूल कारण अविद्या को दूर करके इसी जीवन में दुखों का अंत किया जा सकता है। दुखों का निरोध ही निर्वाण है।

## क्या भगवान का अस्तित्व है?



संकलित

प्रेरणा

एक बार एक व्यक्ति नाई की दुकान पर अपने बाल कटवाने गया। तभी नाई ने कहाः मैं भगवान के अस्तित्व को नहीं मानता और इसीलिए तुम मुझे नास्तिक भी कह सकते हो। तुम ऐसा क्यों कह रहे हो व्यक्ति ने पूछा। नाई ने कहाः बाहर जब तुम सड़क पर जाओगे तो तुम समझ जाओगे कि भगवान का अस्तित्व नहीं है। अगर भगवान होते, तो क्या इतने सारे लोग भूखे मरते? क्या इतने सारे लोग बीमार होते? व्यक्ति ने थोड़ा सोचा लेकिन वह वाद-विवाद नहीं करना चाहता था। नाई ने अपना काम खत्म किया और वह व्यक्ति नाई को पैसे देकर दुकान से बाहर आ गया। वह जैसे ही नाई की दुकान से निकला, उसने सड़क पर एक लम्बे-घने बालों वाले एक व्यक्ति को देखा जिसकी दाढ़ी भी बढ़ी हुई थी और ऐसा लगता था शायद उसने कई महीनों तक अपने बाल नहीं कटवाए थे। वह व्यक्ति वापस मुड़कर नाई की दुकान में दुबारा घुसा और उसने नाई से कहाः क्या तुम्हें पता है? नाइयों का अस्तित्व नहीं होता। नाई ने कहाः तुम कैसी बेकार बातें कर रहे हो? क्या तुम्हे मैं दिखाई नहीं दे रहा? मैं यहाँ हूँ और मैं एक नाई हूँ। और मैंने अभी अभी तुम्हारे बाल काटे है। व्यक्ति ने कहाः नहीं! नाई नहीं होते हैं। अगर होते तो क्या बाहर उस व्यक्ति के जैसे कोई भी लम्बे बाल व बढ़ी हुई दाढ़ी वाला होता? नाई ने कहाः अगर वह व्यक्ति किसी नाई के पास बाल कटवाने जाएगा ही नहीं तो नाई कैसे उसके बाल काटेगा?

## दरकार

सोनम लववंशी



# मेधा का सम्मान करना सीखें

बीते दिनों यूपी बोर्ड 10वीं का परीक्षा परिणाम जारी हुआ। सीतापुर की प्राची निगम ने पूरे प्रदेश में टॉप किया है, लेकिन हमारे समाज की निकृष्ट सोच का स्तर देखिए प्राची के अच्छे स्कोर, उसकी पढ़ाई के प्रति लगन की सराहना करना तो दूर पर प्राची के चेहरे पर दिख रहे बालों का मजाक बनाया जा रहा है। सोशल मीडिया पर तरह-तरह के मीम्स बनाए जा रहे हैं। सोचिए उसके बाल मन पर क्या बीत रही होगी। जिस कार्य के लिए समाज को उसकी सराहना करनी चाहिए, उसके बजाय किस चीज पर बात कर रहे हैं। क्या आज के समय में चेहरे की खूबसूरती ही मायने रखती है? पढ़ाई लिखाई का खूबसूरती के आगे कोई महत्व नहीं है! प्राची ने 98.50 प्रतिशत के उत्कृष्ट स्कोर के साथ 600 में से 591 अंक प्राप्त किए हैं। ज़ाहिर सी बात है कि इसके लिए प्राची ने कड़ी मेहनत की है, लेकिन विकृत मानसिकता वाले उसकी उपलब्धि को तरजीह न देकर उसकी शक्ल-सूरत को निशाना बनाकर सोशल मीडिया पर ट्रोल कर रहे हैं। हमारे समाज में अक्सर एक लड़की को उसके रंग रूप को लेकर जज किया जाता है, पर सवाल तो यह है कि, क्या बिना शिक्षा के समाज चल पाएगा? अगर बिना पढ़े-लिखे सिर्फ सुंदर दिखने और फैशन से ही देश चल सकता है, तो फिर देश में एजुकेशन सिस्टम का क्या महत्व है? देश में शिक्षण संस्थानों की जगह सौंदर्य प्रसाधन केंद्र ही खोल दिए जाने चाहिए। दरअसल हमारे समाज की यही परेशानी है। कोई किसी की उपलब्धि की सराहना करे या न करे, निंदा करने में कोई पीछे नहीं रहता है। सदियों से महिला को केवल उपभोग की वस्तु के रूप में देखा जाता है जहां उसकी बाहरी खूबसूरती पितृसत्तात्मक समाज के लिए ज़रूरी हो जाती है। महिला खूबसूरत नहीं है तो उसे समाज में सम्मान की नजरों से नहीं देखा जाता है। स्त्री को स्वयं को इन मापदंडों से मुक्त करना होगा। यूं तो सोशल मीडिया के बढ़ते चलन ने भले ही सामाजिक दायरे को काफ़ी बढ़ा दिया है, लेकिन दूसरी तरफ़ ट्रोल गैंग जैसी विकृत मानसिकता एक्टिव हो गई है। इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि इंसान कौन है। उसे क्या परेशानी है। बस अपने मज़े के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में अनाप शनाप लिखना होता है। प्राची को मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पीसीओएस यानी पॉलिसिस्टिक ओवेरियन सिंड्रोम नामक बीमारी है। इस बीमारी में मेटाबॉलिज्म और हॉर्मोनल इंबैलेंस ज्यादा होता है। यहां तक कि पीरियड्स की भी समस्या रहती है। सोचिए कि जिस मासूम को दुनियादारी की परवाह तक नहीं है उसे तो सिर्फ अपनी पढ़ाई से मतलब है, बावजूद इसके ट्रोल गैंग उसे निशाना बना रहा है। एक ग़रीब ठेकेदार की बेटी की कामयाबी भी सभ्य समाज से देखी नहीं गई। वैसे अगर प्राची की जगह कोई लड़का टॉप करता तब उसके रंग रूप या चहरे को लेकर कोई चर्चा नहीं करता। क्यों समाज में स्त्री और पुरुषों में इस तरह भेदभाव किया जाता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### इलाज पर भरोसा बना रहना चाहिए

पतंजलि के कुछेक उत्पादों का मामला सुर्खियों में है। वैसे भ्रामक विज्ञापन किन्हीं एक या दो कंपनियों के ही नहीं होते, लगभग हर कंपनी अपने प्रोडक्ट बेचने के लिए ऐसा करती है। पतंजलि आयुर्वेद के भ्रामक विज्ञापनों की सुनवाई के साथ-साथ इंडियन मेडिकल एसोसिएशन से उच्चतम न्यायालय ने जो भी सवाल पूछे, उनके संबंधित संस्थाओं को साफ-साफ उत्तर देने चाहिए और सबकी निष्पक्ष और उचित जांच भी होनी चाहिए। इसका सारा सच आमजन के सामने मीडिया के जरिए भी आना चाहिए। दूसरी चीज आयुर्वेद की या अंग्रेजी दवाएं हों, इनकी कीमत इतनी निर्धारित होनी चाहिए कि ये गरीब से गरीब व्यक्ति को आसानी से उपलब्ध हों।

**- वीरेंद्र कश्यप**, दुर्ग

## करंट अफेयर

# श्रीलंका के मटाला हवाई अड्डे की जिम्मेदारी भारत-रूस को

श्रीलंका के हम्बनटोटा स्थित मटाला राजपक्षे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रबंधन की जिम्मेदारी भारत और रूस की कंपनी को संयुक्त रूप से दी गई है। सरकार के एक प्रवक्ता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस हवाई अड्डे का निर्माण 20.9 करोड़ अमेरिकी डॉलर में किया गया है और एक समय उड़ानों की कमी की वजह से इसे 'दुनिया का सबसे सुनसान हवाई अड्डा' करार दिया गया था। सरकारी प्रवक्ता और मंत्री बांदुला गुणवर्धने ने कहा कि श्रीलंका के मंत्रिमंडल ने नौ जनवरी को संभावित पक्षकारों से रुचि पत्र आमंत्रित करने की मंजूरी दी थी। उन्होंने बताया कि इसके बाद पांच प्रस्ताव प्राप्त हुए



## ऑफ बीट

# आपका भोजन आने वाली नस्लों को बदल सकता है

पिछली शताब्दी के दौरान, आनुवंशिकी के बारे में शोधकर्ताओं की समझ में गहरा परिवर्तन आया है। जीन, डीएनए के क्षेत्र जो हमारी शारीरिक विशेषताओं के लिए काफी हद तक जिम्मेदार हैं, 1865 में जीवविज्ञानी ग्रेगर मेंडल द्वारा शुरू किए गए आनुवंशिकी के मूल मॉडल के तहत अपरिवर्तनीय माने जाते थे। यानी, जीन को किसी व्यक्ति के पर्यावरण से काफी हद तक अप्रभावित माना जाता था। 1942 में एपिजेनेटिक्स के क्षेत्र के उद्भव ने इस धारणा को तोड़ दिया। एपिजेनेटिक्स जीन अभिव्यक्ति में बदलाव को संदर्भित करता है जो डीएनए अनुक्रम में बदलाव के बिना होता है। कुछ एपिजेनेटिक परिवर्तन कोशिका कार्य का एक पहलू हैं,



## ट्रेंड

### कल्याण के लिए काम करेंगे



प्रेरक! यही एकमात्र शब्द है जो पूरे मालदा के माहौल का वर्णन कर सकता है। चिलचिलाती गर्मी हमें आशीर्वाद देने आए समर्थन के सागर को रोकने में असमर्थ थी। मैं इस स्नेह के लिए लोगों को धन्यवाद देता हूं और विश्वास दिलाता हूं कि हम हमेशा उनके कल्याण के लिए काम करेंगे।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### मानव होने का स्वभाव



यदि आपकी मानवता पूर्ण प्रवाह में है, तो आप अपने आस-पास के जीवन तक पहुंच जाएंगे। यह नैतिकता नहीं है- मानव होने का स्वभाव है। केवल आपके भौतिक शरीर को एक सीमा की जरूरत है। आपके बारे में बाकी सब कुछ सार्वभौमिक हो सकता है।

**-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु**

### यह सामान्य चुनाव नहीं



मतदान का बटन दबाने से पहले, 'हम, भारत के लोग' - भारत के संविधान की यह आत्मा, आपके दिल और दिमाग में गूंजनी चाहिए। यह मत भूलिए कि यह कोई सामान्य चुनाव नहीं है।' यह लोकतंत्र को तानाशाही के चंगुल से बचाने का चुनाव है।

**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

### अच्छी आदतों से आता स्वास्थ्य



प्यार दीर्घकालिक रिश्तों से आता है। स्वास्थ्य दीर्घकालिक अच्छी आदतों से आता है। धन लंबी अवधि के निवेश से आता है। शांति दीर्घकालिक आत्म-चिंतन से आती है। प्रतिभा दीर्घकालिक केंद्रित प्रयासों से आती है।

**-हर्ष गोयनका, उद्योगपति**

## संक्षेप

### सपा प्रत्याशी अजेंद्र सिंह राजपूत ने किया नामांकन

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। लोकसभा में पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होगा। सोमवार को इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अजेंद्र सिंह राजपूत ने नामांकन दाखिल कर दिया। गठबंधन के प्रत्याशी का दावा है कि चुनाव जीते तो वह किसानों, नौजवानों को उनका हक दिलाने का काम करेंगे। नामांकन के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु सैनी, पूर्व चेयरमैन माया वाल्मीकि, सपा नेता राम प्रकाश प्रजापति समेत अन्य नेता मौजूद रहे।

### मारपीट करने का मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

कुरारा, हमीरपुर। कस्बे के वार्ड नंबर तीन निवासी महिला ने दो लोगो के खिलाफ गाली गलौज करने व मना करने पर मारपीट करने की तहरीर थाने में दी है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट करने का मुकदमा दर्ज किया गया है।कस्बे के वार्ड तीन निवासी महिला ममतापत्नी राम अवतार ने थाने में तहरीर देकर बताया कि मोहाल निवासी रोहित व चंद्रशेखर पुत्रगण शिवपाल ने दरवाजे पर आकर गाली गलौज किया मना करने पर दोनो ने मिलकर मारपीट की। तथा जान से मारने की धमकी दी। मारपीट में महिला को चोट आई है। पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने दोनो के खिलाफ मारपीट करने का मुकदमा दर्ज किया है।

### भाजपा के पदाधिकारियों ने किया जनसंपर्क

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा की क्षेत्रीय कार्य समिति सदस्य( अवध क्षेत्र) एकता जायसवाल, महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष उर्मिला शुक्ला, जिला कार्य समिति सदस्य संतराम पांडेय, किसान मोर्चा जिला महामंत्री भरतलाल पांडेय ददुवा, जैतापुर मंडल महामंत्री रघुनंदन पांडेय,बूथ प्रभारी नरेंद्र गुप्ता, शक्ति केंद्र संयोजक उमाकांत त्रिपाठी, जगदीश जायसवाल, बूथ अध्यक्ष जय प्रकाश वर्मा, महेंद्र सिंह,शुभम सिंह, राकेश यादव ने विधानसभा महसी के सेक्टर खैरा बाजार के ग्राम पंचायत भिरवा व बिलासपुर में डोर टू डोर जनसंपर्क किया गया। क्षेत्रीय कार्य समिति सदस्य एकता जायसवाल ने लोगों से जनसंपर्क करते हुए कहा कि 56 लोकसभा क्षेत्र बहराइच के युवा प्रत्याशी आनंद कुमार गोंड को ? वोट ? देने की अपील की। महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष उर्मिला शुक्ला ने केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों के बारे में लोगों को जानकारी दी।

# अब्दुल्लागंज जगंल में लगी भयानक आग

अमन लेखनी समाचार



रुपईडीहा, बहराइच। सीमा क्षेत्र निकट अब्दुल्लागंज जगंल में अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। आग की चपेट मे कई बेशकीमती पेड़ के जल जाने की सूचना है।मालूम हो कि सोमवार सुबह के करीब अब्दुल्लागंज रेंज के निम्निहारा, इटहवा व रामदीन गांव के उत्तर आम के बाग एवं जंगल के कई बीट में अज्ञात कारणों से आग लग गई। पलक झपकते ही आग ने काफी विकराल रूप धारण कर लिया। आग जंगल के किनारे लगी हुई थी जिसे जंगल के आसपास खेतों में भी फैल गई जिससे कई आम के फलदार पेड़ भी झुलस गए। खेतों में लगी आग को सूचना पर दमकल की गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर बुझाने का प्रयास किया। जबकि समाचार लिखे जाने तक जंगल में अब भी भीषण आग लगी है जिस पर अभी तक काबू नहीं पाया गया है। ग्रामीणों की मानें तो आग बढ़ती ही जा रही है। इस सम्बन्ध में अब्दुल्लागंज वन क्षेत्र अधिकारी पंकज साहू ने बताया कि आग गांव के बाहर खेत में लगे डंठल से जंगल में फैली है। वन विभाग की टीम आग को बुझाने का प्रयास कर रही है। प्रयाप्त मात्रा में संसाधन नहीं है। फिर भी आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है।

# पीएम के बाद शव पहुंचे गांव नम आंखो से परिजनो ने घाट पर किया अंतिम संस्कार

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। थाना क्षेत्र के गांव जमालूद्दीन पुर के पास कल बस ट्रक की हुई भीषण टक्कर में फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के अलग अलग दो गांवो के रहने वाले दो लोगों की मौत हो गई। उन्नाव की तरफ से अपने घर लौट रहे थे तभी हादसे में दोनों की मौत हुई ।हादसे में दोनों मृतकों के परिजनों को जैसे ही सूचना मिली तो कोहराम मच गया। पोस्टमार्टम के बाद दोनों के शव अपने अपने गाँव पहुँचने पर लोगों में शोक छा गया।परिजनों ने मृतकों का अन्तिम संस्कार क्षेत्र के सरैया घाट पर किया। सड़क हादसे में फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के दो लोग भी हादसे के शिकार हो गए उनकी भी दर्दनाक मौत हो गई। इनमें एक लोग क्षेत्र के गाँव लवानी निवासी शैलेन्द्र अवस्थी थे जो घर लवानी लौट रहे थे तभी जमालूद्दीन पुर के पास बस ट्रक की भिड़ंत में शैलेन्द्र की मौत हो गई। मृतक शैलेन्द्र मेहनत मजदूरी करके जीवन यापन करते थे। इनका अन्तिम संस्कार सरैया घाट पर किया गया है। वहीं बस में सवार दूसरा मृतक लगभग 45वर्षीय क्षेत्र के गाँव दारापुर निवासी लालजी थे जो किसी काम से उन्नाव गए थे वहाँ से लौट रहे थे।लालजी भी खेती मजदूरी करके जीवन यापन करते थे। लालजी का भी अंतिम संस्कार नजदीकी घाट पर कर दिया गया।



# गंगा में डूबे युवक का नही लगा पता, युवती के शव की नही हो पाई शिनाख्त

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बारासगवर अंतर्गत बक्सर घाट पर अज्ञात युवक व युवती के डूब जाने के 24 घंटे बाद भी युवक का शव बरामद नही हो सका। युवती की भी शिनाख्त नही हो पाई।बक्सर स्थित गंगा तट पर रविवार करीब 3 बजे स्नान कर रहे युवक व युवती अचानक डूबने लगे थे जिस पर स्नानार्थियों बक्सर चौकी को सूचना दी गयी थी। बक्सर चौकी इंचार्ज प्रेम नारायण सरोज के नेतृत्व में गोताखोरों की टीम लगाई गई जिसमें युवती उम्र लगभग 20 वर्ष के शव को बरामद कर लिया गया जबकि युवक का शव 24 घंटे बाद भी बरामद नही हो सका। दोपहर में स्नान कर रही लड़की अकेली थी या युवक भी साथ था पहेली बनता जा रहा आखिर युवक शव को अभी तक खोजा क्यो नही गया। लड़की की हवाई चप्पल से अनुमान लगाया जा रहा लड़की आस पास की हो सकती है ।परंतु लड़की के 24 घण्टे बाद भी माता पिता ने कही गुमशुदगी क्यो नही दर्ज कराई। कही ऐसा तो नही लड़की अपने घर से लड़ झगड़ कर आई हो और गंगा में डूब कर आत्महत्या कर ली हो।

बारा सगवर चौकी प्रभारी प्रेम नारायण सरोज ने बताया युवती की पहचान हेतु फतेहपुर, कानपुर, रायबरेली आदि जिलों में भी सूचना दी गयी है पर अभी तक कोई शिनाख्त नही हुई ।युवक के शव को गोताखोरो द्वारा शाम तक ढूढने का प्रयास किया गया लेकिन शव बरामद नही हो पाया है।

# ...जब बीच सड़क पर आग का गोला बनी बुलेट



बुलेट मोटरसाइकिल में लगी अचानक मची अफरा तफरी

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज के हनुमान मंदिर के निकट नेशनल हाईवे पर बहराइच की ओर से आ रही एक बुलेट मोटरसाइकिल में अचानक आग लग गई। जिससे अफरा तफरी मच गई। मोटरसाइकिल सवार मोटरसाइकिल छोड़कर किसी तरह जान बचाकर भागा। आसपास के नागरिकों ने एकत्रित होकर बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया। तब तक मोटरसाइकिल आधे से अधिक जल चुकी थी। गर्मी में मोटरसाइकिल में आग लगने की घटनाएं बढ़ने लगी है। जिससे लोगों में भय व्याप्त हो गया है।

# डॉ० संदीप ने तनीषा को उपहार देकर बहन के रूप में किया विदा

अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव



झाँसी। संघर्ष सेवा समिति के बढ़ते परिवार के क्रम में एक और सदस्य का आगमन हुआ। बबीना रोड स्थित खजराहा बुजुर्ग निवासी तनीषा जिनके पिता नंदराम खंगार कृषक हैं, अपनी माता वती देवी एवं अन्य परिजनों के साथ संघर्ष सेवा समिति कार्यालय पहुंची।

जहां उन्होंने अपने विवाह के सम्बंध में समिति के संस्थापक डॉ० संदीप सरावगी से वातार्लाप की जिसमें डॉक्टर संदीप ने तनीषा को बहन के रूप में विदा करने का आश्वासन दिया। विवाह के दो दिन पूर्व संघर्ष सेवा समिति कार्यालय पर उपहार देकर तनीषा को छोटी बहन के रूप में विदा किया। तनीषा ने कहा डॉक्टर संदीप द्वारा भाई के रूप में मिले प्यार से मन प्रसन्न हो गया यह मेरे लिए बहुत ही मार्मिक क्षण है, संदीप भईया बहुत अच्छा काम कर रहे हैं मैं ईश्वर से प्रार्थना करती हूँ भईया दीघार्यु हों और सदा स्वस्थ रहें। वहीं डॉक्टर संदीप ने कहा विवाह के पूर्व किसी कन्या के पैर पखारना पुण्य कर्म है आज की आधुनिकता को छोड़कर यदि हम किसी महिला को बहन या बेटी के रूप में देखते हैं और उसी अनुसार कर्म करते हैं तो समस्याओं में उन बहन बेटियों का आशीर्वाद काम आता है। अभी तक हम अपने कार्यालय से 260 से अधिक बहनों को विदा कर चुके हैं और आगे भी इस कार्य को अनवरत जारी रखेंगे। इस अवसर पर तनीषा के परिजनों के साथ मास्टर मुन्नालाल, संदीप नामदेव, अनुज प्रताप सिंह, बसंत गुप्ता, राजू सेन, सुशांत गेड़ा, राकेश अहिरवार आदि उपस्थित रहे।

# छात्राओं ने भी ठाना है, मतदान प्रतिशत बढ़ाना है

अपने हाथों में मेंहदी रचाकर मतदान के लिए कर रही जागरूक

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। जनपद बहराइच में जिलाधिकारी के नेतृत्व में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जगह-जगह विभिन्न कार्यक्रम संचालित हो रहे हैं। वही विकासखंड कैसरगंज के प्राथमिक/उ०प्रा० विद्यालयों के छात्राओं ने लोकसभा चुनाव में लोगो के जागरुकता हेतु अपने हाथों में स्लोगन 'सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है आदि नारों से मेहंदी रचाकर वोटिंग का महत्व को अपने माता -पिता दादा - दादी चाचा- चाची काका- काकी को मतदान के महत्व को समझाने का निर्णय लेते हुए वोट प्रतिशत बढ़ाते हुए लोकतंत्र के महापर्व 20 मई को मतदाताओं को मतदान करने को लेकर जागरूक कर रहें हैं। पहले मतदान, फिर जलपान के तर्ज पर लोग अपने घरों से निकलने की अपील की है।

# अमेठी में कांग्रेस कार्यालय में बैठक

- ब्लाक अध्यक्ष और प्रभारियों के साथ जिलाध्यक्ष कर रहे बैठक, संगठन को मजबूत करने की कवायद

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, राहुल गांधी के अमेठी से चुनाव लड़ने की अटकलों के बीच जिला कांग्रेस कमेटी पूरी तरह से कांग्रेस को मजबूत करने का आवाज में जुट गई है। आज केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज में कांग्रेस जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में ब्लॉक अध्यक्षों और ब्लॉक प्रभारी के साथ बैठक आयोजित की जा रही है।बैठक में लोकसभा क्षेत्र के सभी ब्लॉक अध्यक्ष और ब्लॉक प्रभारी शामिल हो रहे हैं। दरअसल लोकसभा चुनाव के पहले अमेठी कांग्रेस पूरी तरह से कांग्रेस को मजबूत करने की कवायद में जुट गई है।आज जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल के नेतृत्व में केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज में बैठक का आयोजन किया गया है।बैठक में अमेठी लोकसभा क्षेत्र के सभी ब्लाक अद्यक्ष और ब्लाक प्रभारी शामिल हो रहे है। बैठक करीब दो घंटे तक चलेगी। बैठक में कांग्रेस की न्याय गारंटी को गांव के अंतिम घर तक पहुँचाने की मुहिम चलाई जाएगी। बैठक में शामिल सभी ब्लाक अध्यक्षों और ब्लाक प्रभारियों को कांग्रेस के घोषणा पत्र जन जन तक पहुँचाने का निर्देश भी दिया जाएगा। अमेठी कांग्रेस द्वारा लगातार गांव गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों से कांग्रेस की न्याय गारंटी पत्र को भी भरवाया जा रहा है। पिछले तीन दिनों में अमेठी कांग्रेस द्वारा एक लाख न्याय गारंटी पत्र को भरवाया गया है।न्याय गारंटी पत्र भरवाने का सिलसिला आगे भी चलता रहेगा।

# रामपुर पुलिस और एसओजी टीम के साथ बदमाशों की मुठभेड़

पैर में गोली लगने से एक घायल बदमाश गिरफ्तार, दो मौका पाकर फरार, तलाश जारी

अमन लेखनी समाचार



रामपुर, रामपुर पुलिस और एसओजी टीम के साथ बदमाशों की बीती आधी रात को मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दैरान पैर में गोली लगने से घायल एक बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, जबकि दो बदमाश मौका पाकर फरार हो गए। फरार बदमाशों की पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है।

जिले की थाना भोट पुलिस और एसओजी टीम द्वारा थाना भोट क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति और वाहनो की चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार 03 बदमाशों के साथ पुलिस मुठभेड़ हो गई। पुलिस मुठभेड़ में एक बदमाश के पैर में गोली लग गई, जबकि 02 बदमाश मौके से फरार हो गए। गिरफ्तार घायल बदमाश के कब्जे से एक मोटर साइकिल, तमंचा बरामद हुए। गिरफ्तार घायल बदमाश को उपचार के लिए जिला अस्तपाल भिजवाया गया। पुलिस के मुताबिक घायल और फरार बदमाशों का लम्बा आपराधिक इतिहास है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार घायल बदमाश का नाम तौफिक पुत्र मुब्बसर निवासी ग्राम इन्द्री थाना भोट है। पुलिस की यदि माने तो फरार बदमाशों के नाम मुन्ना पुत्र शब्बीर हसन निवासी मौ0 पक्का बाग थाना गंज और इकबाल पुत्र इशरत निवासी बजरिया खान सामा थाना गंज हैं। गिरफ्तार घायल बदमाश के खिलाफ उचित कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

# बारात में हुई आतिशबाजी से किराना दुकान में लगी आग

- घर और दुकान का सामान जलकर हुआ खाक, लाखों का नुकसान

अमन लेखनी समाचार



बांदा, बांदा में कल रात को बारात में हुई आतिशबाजी के कारण दुकान में आग लग गई। वहीं आज इतनी तेज थी कि घर और दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। वहीं ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग को काबू पाया। वहीं 5 लाख रुपए का नुकसान बताया जा रहा है। आपको बता दे की पूरा मामला बांदा जनपद के बिसंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत अलीहा गांव का है। यहां के रहने वाला जागेश्वर कुशवाहा ने बताया कि हम घर में ही दुकान खोले हुए हैं। कल देर रात को हमारे घर के सामने आई बारात निकली थी और आतिशबाजी चल रही थी, तभी आतिशबाजी की चिंगारी हमारे घर आ पहुंची, जिसके कारण दुकान मे आग पकड़ ली धीरे धीरे आग घर में जा पहुंची जिसकी वजह से दुकान और घर में रखा हुआ सारा सामान जलकर राख हो गया। वहीं ग्रह स्वामी ने बताया की किराना और गृहस्थी का मिलाकर 5 लाख रुपए का नुकसान हुआ है।

# सुल्तानपुर में अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई

हादसे में कार सवार 6 लोग घायल, बिहार से अयोध्या दर्शन करने जा रहा था परिवार, एयर बैग खुलने से बची जान

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, सुल्तानपुर के अयोध्या-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर आज श्रद्धालुओं से भरी कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। आधा दर्जन कार सवार श्रद्धालु घायल हुए हैं। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। बिहार प्रांत का एक परिवार कार से अयोध्या दर्शन करने के लिए आ रहा था। श्रद्धालुओं को लेकर जा रही कार अयोध्या-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर कूरेभार थानाक्षेत्र के पुरखीपुर चौराहे के पास पहुंची तभी चालक को नींद की झपकी आ गई। ऐसे में कार अनियंत्रित होकर पेड़ जा टकराई। टक्कर से कार के जहां परखच्चे उड़ गए वही उस पर सवार आधा दर्जन श्रद्धालु घायल हुए हैं। सभी घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर में इलाज के लिए लाया गया है। बताया जा रहा है कि दोनों एयर बैग खुल जाने से लोगों की जान बच गई है। घायलों में अभिषेक कुमार (38वर्ष) पुत्र अरुण कुमार निवासी पिपरी थाना मधुबनी बिहार, कृष्णा (45वर्ष) पत्नी रवींद्र कुमार, आस्था (26वर्ष) पुत्री रवींद्र कुमार, रूबी (40 वर्ष) पुत्री अभिषेक, सविता पत्नी राम प्रकाश डेंगू सराय बिहार, विकलेश कुमार पुत्र राम प्रकाश, अर्जून टोला क्षेरिया बरियारपुर ड़ेंगू सराय शामिल हैं।

# तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर

- घटना के बाद भाग रहे ट्रक में लगी भीषण आग, हादसे में एक बच्चे की मौत, तीन गंभीर

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, अमेठी में आज शाम दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया। जहां बाइक सवार दंपति और उनके बच्चों को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद भाग रहे ट्रक में बीच हाईवे भीषण आग लग गई। ट्रक ड्राइवर आग लगते ही ट्रक से कूद कर मौके से फरार हो गया। हादसे में घायल एक बच्चे की मौत हो गई जबकि पति-पत्नी और एक बेटा गंभीर रूप से घायल है. जिन्हें प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्प्ताल सुल्तानपुर रेफर कर दिया गया है। दरअसल ये पूरा मामला मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित गुन्नौर गांव के पास का है।

जहां आज शाम करीब पांच बजे तेज रफ्तार ट्रक ने सामने जा रहे बाइक को टक्कर मार दी। ट्रक चालक मौके से ट्रक लेकर फरार होने लगा। जहां कुछ दूर जाने के बाद ट्रक में अचानक भीषण आग लग गई। आग लगते ही ट्रक चालक ट्रक से कूदकर मौके से फरार हो गया। हादसे में बाइक सवार ओम प्रकाश पत्नी लवलेश और दो बेटे नैतिक और नितिन गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन फानन में सभी घायलों को मुसाफिरखाना सीएचसी में भर्ती कराया गया जहाँ नैतिक पांच वर्ष की मौत हो गई। नितिन लवलेश और ओमप्रकाश को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया।

# संक्षेप

## जमीन कब्जा करने का विरोध करने पर मिल रही धमकी

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर।सहजनवा थाना क्षेत्र के महदेईया निवासी मिथिलेश देवी पत्नी अनिल कुमार के जमीन को पट्टीदार जबरन कब्जा करना चाह रहे है।विरोध करने पर गाली गलौज,करने के साथ जान से मारने की धमकी दे रहे है। और निमार्णाधीन दीवार को गिरा दिए है। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। इस संदर्भ में एसओ मदन मोहन मिश्र ने कहा की शिकायत मिली है। जांच करा कर कारवाई की जायेगी।

## शादी का झांसा देकर युवती को भगाया, केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर।सहजनवा थाना क्षेत्र के सेमरडाडी निवासी एक 19 वर्षीय युवती को गांव का एक युवक शादी का झांसा देकर गांव का युवक 26 अप्रैल को भगा ले गया है। 21 अप्रैल को युवती की शादी सिकरीगंज में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कर लिया है।

## कक्षा 8 के छात्र ने फेल होने पर किया सुसाइड

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, मेरठ लोहियानगर थाना क्षेत्र स्थित के ब्लॉक में 15 वर्ष के एक छात्रा ने कक्षा 8 में फेल होने पर सुसाइड कर लिया। छात्र का शव मकान के एक कमरे में मौजूद पंखे पर बंधे कपड़े से लटका हुआ था। सुबह देर तक छात्र कमरे से नहीं निकला जिसके बाद छात्र के परिवार वाले उसे उठाने के लिए कमरे में पहुंचे परिवार वालों ने कमरे का गेट खोल कर देखा तो उनके होश उड़ गए। जिसके बाद मृतक छात्रा के परिवार वालों में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने छात्र के शव को पंखे से उतरवाकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच में जुट गई। लोहियानगर थाना क्षेत्र स्थित के ब्लॉक का रहने वाला नादिल 15 वर्ष पुत्र नोफिल लोहियानगर स्थित सत्यकाम स्कूल में आठवीं क्लास में पढ़ता था। पुलिस के अनुसार नादिल आठवीं क्लास में फेल हो गया था।इसी के चलते वह काफी दिन से गुमसुम रहने लगा था। परिवार वालों के अनुसार नादिल शुक्रवार देर रात खाना खाने के बाद अपने रूम में सोने चला गया शनिवार सुबह 11:30 बजे भी जब नादिल रूम से बाहर नहीं निकला तो उसे उठाने के लिए पिता नोफिल उसके रूम में पहुंचे नादिल के पिता नोफिल ने जैसे ही रूम का गेट खोला तो उनके होश उड़ गए, क्योंकि बेटा नादिल रूम में मौजूद पंखे पर बंधे कपड़े से लटका हुआ था।जिसके बाद मृतक छात्रा के परिवार वालों में कोहराम मच गया।आसपास के लोगों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक छात्रा के शव को पंखे से उतरवाने के बाद पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच में जुट गई।

# पेयजल सप्लाई ठप होने से नाराज ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**सहजनवा तहसील अंतर्गत पिपरौली ब्लाक के नेवास गॉव का मामला।**

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत पिपरौली ब्लाक के नेवास गॉव की वाटर सप्लाई दो सप्ताह से ठप है।जिससे गॉव में पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है।सप्लाई बहाली में देरी के चलते आक्रोशित ग्रामीणों ने विभागीय लापरवाही के विरोध में प्रदर्शन किया।और संबंधित विभाग से जल्द सप्लाई चालू कराने की मॉग की है। स्वच्छ जलशक्ति मिशन के तहत ग्रामीण इलाकों में हर घर तक शुद्ध पेयजल मुहैया कराने की मुहिम के तहत मौजूदा सरकार ने गॉव-गॉव वाटर हेड टैंक का निर्माण कराया जिससे हर परिवार को पेयजल की सुविधा मिल सके।इसी क्रम में कुछ साल पहले पिपरौली ब्लाक के नेवास गॉव में वाटर हेड टैंक बनाया गया था।

दो सप्ताह पहले बिजली का ट्रांसफार्मर खराब हो जाने के चलते वाटर सप्लाई बंद हुई।ग्रामीणों की शिकायत पर जागे बिजली निगम ने ट्रांसफार्मर बदलवाया।लेकिन अब पानी निकालने के लिए लगा मोटर खराब हो जाने के चलते ग्रामीणों को दी जाने वाली पेयजल सप्लाई ठप हो गई है।जिससे रोजमर्रा के घरेलू काम के लिए पानी की जरूरत पूरी नहीं हो पा रही है।जिससे ग्रामीण परेशान हैं।विभागीय हीलाहवाली से नाराज ग्रामीणों ने पेयजल के लिए बने वाटर हेड टैंक के पास प्रदर्शन कर विभाग से नाराजगी जताई।और जल्द सप्लाई बहाल करने की मॉग की। नेवास के युवा समाजसेवक मानवेन्द्र शाही बंटू ने बताया की मोटर जलने की जानकारी मिली है जिसे ठीक कराने के लिए जल निगम के जिम्मेदार अधिकारियों से वार्ता की जाएगी।साथ ही उच्चाधिकारियों को लिखित शिकायत भी करेंगे।

सूरज सेंगर, आजाद अहमद ने बताया कि सप्लाई ठप हो जाने से लोगों को नहाने और पीने के लिए स्वच्छ जल नही मिल पा रहा है।ग्रामीण दुर्गेश कन्नौजिया,उदयराज सिंह, मलेन्द्र गोंड,बलराम माथुर, अवनीश सिंह,गुडू शाही,मेराज आलम,डॉ नौसाद,हनुमान शर्मा,रविंद्र सिंह,बंटू शाही,पन्नी लाल, संतोष, रमेश,दुलारे, विवेक ,ईश्वर ,रामप्रीत,देवानंद, इंदल,सोनू सिंह पूर्वांचल,मिठ्ठू पासवान,सरोज आदि लोगों ने विभागीय लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए प्रदर्शन किया।और जल्द पेयजल सप्लाई बहाल करने की मॉग की।

## धारदार हथियार से मारकर युवक को किया घायल

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। कैंपियरगंज थाना क्षेत्र के मोदीगंज चौराहे के पास शुक्रवार की रात एक युवक को धारदार हथियार से मारकर घायल कर दिया गया। राजपुर के मनोज कुमार मौर्य के तहरीर पर कैंपियरगंज पुलिस ने दो लोगों पर प्राण घातक हमला धारा 307का मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को गिरफतार कर लिया है,जिसे न्यायालय पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। कैंपियरगंज के मोदीगंज के पास बीती रात पुरानी रंजिश को लेकर राजपुर निवासी विनय मौर्य को धारदार हथियार से अधमरा कर फरार हो गए। राजपुर निवासी मनोज कुमार मौर्य की तहरीर पर पुलिस ने सलाउद्दीन पुत्र सुकुरूद्दीन व रूबिया खातून पर धारा 307 का मुकदमा दर्ज कर अपराह्न चार बजे गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया है।

# शत प्रतिशत मतदान के लिए विद्यालय में आयोजित हुआ समारोह

**परीक्षा परिणाम के पश्चात अव्वल दर्जे के विद्यार्थी हुए पुरस्कृत**

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ल




फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड कस्बे अंतर्गत संचालित जगदंबा इंटर कॉलेज में मतदान जागरूकता एवं मेधा अलंकरण समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची ग्राम प्रधान शिव कुमारी सोनकर एवं विद्यालय के संस्थापक श्री नारायण तिवारी ने मां सरस्वती की प्रतिमा में पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के संस्थापक ग्राम प्रधान एवं आए हुए विशिष्ट अतिथियों ने हाल ही में आए यूपी बोर्ड के परीक्षा परिणाम को देखते हुए हाई स्कूल तथा इंटरमीडिएट में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह मेडल देकर शुभकामनाएं दी शिक्षण संस्थान के संस्थापक श्री नारायण तिवारी ने विद्यालय के हाई स्कूल इंटरमीडिएट तथा जूनियर कक्षाओं के बच्चों को भी उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए अभिभावकों का आभार व्यक्त किया वही कार्यक्रम के अंतर्गत लोकसभा चुनाव में स्वतंत्र रूप से मतदान करने हेतु प्रत्येक जन जन को जागरूक किया गया जिसके लिए प्रधानाचार्य विनीत नारायण तिवारी समेत सभी शिक्षक गण एवं अभिभावक छात्र-छात्राओं ने शपथ ग्रहण की इस मौके पर विद्यालय प्रांगण में अभिभावक संतोष सोनी अनूप पांडे कमलेश तिवारी सभाजीत साहू शिवकुमार अल्पना पूनम दीपिका आकांक्षा कपिल पिंटू ज्ञानेंद्र आशीष गणेश कुमार सविता समेत भारी संख्या में अभिभावक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे

## अलग अलग विवाद में 13 के खिलाफ दर्ज हुआ मारपीट का मामला

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र के नगवा निवासी अविनाश चौबे पुत्र शैलेश चौबे के पिता गलत जगह गाड़े गए खंभे को देखने गए थे।आरोपी उन्हे देखते ही गाली गलौज करते हुए मारने पीटने लगे। जब पहुंचा तो अमित चौबे ने चाकू से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने अमित,आदित्य,सतीश चौबे के खिलाफ मारपीट,चाकू से हमला करने,जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है। वही दूसरे पक्ष अमित चौबे पुत्र सतीश चौबे की शिकायत पर पुलिस ने शैलेश चंद चौबे,कमलेश कुमार चौबे,अविनाश, कचनलता के खिलाफ मारपीट,जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर लिया है। गीडा थाना क्षेत्र के गाहासाड वार्ड 15 सचिन पुत्र छोटेलाल का भतीजा रविवार को शाम 7 बजे सहजनवा बाजार में सब्जी लेने आया था। रास्ते में आरोपी बाइक रोक लिए और गाली गलौज करते हुए मारपीट कर घायल कर दिए। पुलिस ने अंकुर सिंह, आलोक चौधरी, अजय यादव,निखिल यादव,अभिषेक यादव,शिवम यादव के खिलाफ बलवा,मारपीट,जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।



# नगर आगमन पर पूर्व विधायक के स्वागत में उमड़ा जन सैलाब

**लोकसभा प्रत्याशी साध्वी निरंजन ज्योति ने आम जनमानस से मतदान के लिए किया अपील**

अमन लेखनी समाचार
समरजीत सोनकर

अमौली, फतेहपुर। जनपद के जहानाबाद विधानसभा अंतर्गत जगह-जगह भारतीय जनता पार्टी के रोड शो तथा आम जनमानस समर्थकों से मुलाकात करते प्रत्याशी नजर आए जनपद के जहानाबाद में रोड शो करते हुए भाजपा प्रत्याशी साध्वी निरंजन ज्योति अमौली कस्बे पहुंची भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के पश्चात कस्बे पहुंचे पूर्व विधायक आदित्य पाण्डेय के दर्शनों हेतु भारी जन सैलाब उमड पड़ा वहीं पूर्व विधायक आदित्य पाण्डेय मंडल कार्यालय पहुंचे जहां मंडल अध्यक्ष संतोष गुप्ता सह संयोजक सोमेश्वर पटेल समेत भारी संख्या में समर्थकों ने माल्यार्पण कर पूर्व विधायक का भव्य स्वागत किया मतदाताओं से मुलाकात करते हुए पूर्व विधायक आदित्य पाण्डेय भारी जन सैलाब के साथ ब्लॉक मुख्यालय के समीप पहुंचे जहां पहुंची लोकसभा प्रत्याशी साध्वी निरंजन ज्योति की अगुवाई करते हुए पूर्व विधायक आदित्य पाण्डेय ने भव्य स्वागत किया वही प्रत्याशी साध्वी निरंजन ज्योति वर्तमान विधायक राजेंद्र सिंह पटेल एवं पूर्व विधायक आदित्य पाण्डेय का समर्थकों एवं पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया ब्लॉक मुख्यालय से भारतीय जनता पार्टी के मंडल कार्यालय तक पैदल रोड शो किया गया जहां पूर्व विधायक के नेतृत्व में पहुंची प्रत्याशी तथा वर्तमान विधायक ने आम जनमानस से पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील की रोड शो के पश्चात मंडल कार्यालय से पूर्व विधायक आदित्य पाण्डेय कस्बे की गलियों में आम जनमानस से मतदान के लिए अपील की जहां अनिल एंपोरियम प्रतिष्ठान के अधिष्ठाता अनिल कुमार ओमर बृजेंद्र तिवारी समेत कारोबारी व्यवसायी आदि लोगों ने भी अपने जननायक के कस्बे में प्रथम आगमन के अवसर पर माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया कस्बे में भ्रमण करने के पश्चात पूर्व विधायक आदित्य पाण्डेय क्षेत्र के कई ग्राम पंचायतों का भ्रमण करते हुए आजमपुर गढ़वा तथा डिघरुवा गांव पहुंचे जहां हाल ही में हुए कानपुर माधव बाग के समीप हुए हादसे का शिकार सफाई कर्मचारी पंकज यादव के घर पहुंच कर शोका कुल परिवार को सांत्वना प्रदान की रोड शो के दौरान अमौली कस्बे में मंडल अध्यक्ष संतोष गुप्ता पूर्व जिला मंत्री ठाकुर साहब सिंह गौतम डॉक्टर राम भक्त वर्मा अवधेश तिवारी महिला मोर्चा उत्प्रेक्षा त्रिवेदी रचना हुसैन सहसंयोजक सोमेश्वर पटेल शिवा गुप्ता अशरफ खान विनोद पांडे रामदास ओमर पप्पू ओमर गोविंद अग्निहोत्री किशन दुबे समेत भारी संख्या में जन सैलाब मौजूद रहो

## तहसीलदार प्रशासन ने बूथो का किया निरीक्षण मातहत को दिया जरूरी दिशा निर्देश

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत क्षेत्र के लोकसभा चुनाव के लिए आगामी एक जून को सहजनवां तहसील क्षेत्र में मतदान होना है। मतदान से पूर्व चुनाव को लेकर अधिकारी किसी भी प्रकार की कमी नहीं छोड़ना चाहते है।

सबसे अधिक नजर मतदान केंद्रों पर बनाए गए बूथों पर है। बूथों पर विद्युत , पानी, बाउंड्री वाल, जंगला और रास्ता आदि की व्यवस्था की जा रही है। सोमवार को एसडीएम कुंवर सचिन सिंह के नेतृत्व मे तहसील अधिकारियों ने सहजनवां ब्लाक के दक्षिणांचल में बूथों का निरीक्षण किए। एसडीएम ने बताया कि सहजनवा ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय दुलटही का फर्श टूटा मिला और शौचालय भी खराब है। जो उपयोग के लायक नहीं है।

सहजनवां ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय दुलटही में रैम्प टूटा मिला। कटसरा, चांदपार, कटसहरा, प्राणपुर, सिधौली, बैदौली आदि विद्यालयों की जांच में बूथों पर कमियां मिली हैं। पंचायत और शिक्षा विभाग के अधिकारियों को सुधार के लिए समय दिया गया है। साथ ही लेखपालों से बूथों पर व्यवस्था दुरुस्त करने के आदेश दिए गए है। निरीक्षण में तहसीलदार आरके कन्नौजिया, नायब तहसीलदार भानू प्रताप सिंह, आदि राजस्व कर्मी शामिल रहे।

# सपा प्रत्याशी पर आचार संहिता के उल्लंघन का मुकदमा दर्ज

- चुनाव प्रचार खत्म होने के बावजूद सोशल मीडिया से चुनाव प्रचार कर रहे थे

अमन लेखनी समाचार




मेरठ, समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी सुनीता वर्मा व उनके पति योगेश वर्मा पर आचार संहिता के उल्लंघन का मुकदमा दर्ज किया गया। उन पर आरोप है कि चुनाव प्रचार खत्म होने के बावजूद सुनीता वर्मा और योगेश वर्मा फेसबुक व सोशल मीडिया के अन्य प्लेटफार्म से चुनाव प्रचार कर रहे थे। संबंधित थाना प्रभारी ने उन्हें पोस्ट डिलीट करने के लिए भी कहा था, लेकिन योगेश वर्मा ने पोस्ट डिलीट नहीं की। पल्लवपुरम थाने में समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी सुनीता और उनके पति पूर्व विधायक योगेश वर्मा के खिलाफ चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने के आरोप में मुकदमा दर्ज हुआ है। पुलिस ने यह कार्रवाई अपनी ओर से की है। थाना अध्यक्ष मुनेश सिंह ने बताया कि मतदान से 48 घंटे पहले चुनाव प्रचार बंद हो जाता है।

इसके बावजूद फेसबुक और सोशल मीडिया के अन्य प्लेटफार्म से समाजवादी प्रत्याशी सुनीता वर्मा और और योगेश वर्मा धड़ल्ले से चुनाव प्रचार कर रहे थे। पुलिस ने योगेश वर्मा से पोस्ट डिलीट करने के लिए कहा, लेकिन उन्होंने पोस्ट डिलीट नहीं की। पूरे प्रकरण से उच्च अधिकारियों को अवगत कराने के बाद पुलिस ने अपनी ओर से दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# जौनपुर में घर में लगी आग

**6 मवेशी झूलसे, लोगों के कड़ी मशक्कत बाद आग पर पाया गया काबू**

अमन लेखनी समाचार



रामपुर, जौनपुर के सुरेरी क्षेत्र के अड़ियार गांव में झोपड़ी में अचानक आग लगने से उसमें बंधे मवेशी झूलसे गए। साथ ही आग बुझाने के दौरान आग की लपटों से दो युवक भी जल गए। सूचना पर थानाध्यक्ष सुरेरी व 112 नंबर की पुलिस समेत पशु चिकित्सा अधिकारी मौके पर पहुंचकर झूलसे पशुओं का इलाज किया। जानकारी के अनुसार सुरेरी थाना क्षेत्र के अड़ियार गांव निवासी जिबोधन राजभर व उनके भाई रामगरीब घर से कुछ दूर झोपड़ी में अपने पशुओं को बांधते थे। चारा खिलाने के पशुओं को झोपड़ी में बांध दिए। तभी अज्ञात कारणों से झोपड़ी में आग लग गई। जैसे ही पशु मालिक को आग की लपटे दिखी तो वह शोर मचाते हुए आग बुझाने में जुट गया। शोर सुनकर परिवार के व गांव के लोग भी मौके पर पहुंचे व आग बुझाने में जूट गए। आग बुझाने के दौरान जिबोधन राजभर के दो बेटे सुनील व नंदलाल भी आग की चपेट में आने से झुलस गए। लोगों ने कड़ी मशक्कत बाद आग पर किसी तरीके से काबू तो पा लिए लेकिन तब तक झोपड़ी में बंधी दो भैंस, एक गाय, एक बछड़ा एवं दो पढ़िया झुलस गई। गंभीर रूप से झुलसने से एक भैंस की मौके पर ही मौत हो गई। आग लगने की सूचना पशु स्वामी द्वारा 112 नंबर की पुलिस को दिए सूचना पर पुलिस व थानाध्यक्ष सुरेरी प्रियंका सिंह ने मौके पर पहुंचकर पशु चिकित्सा अधिकारी एवं राजस्व कर्मियों को सूचना दी। सूचना पर पशु चिकित्सा अधिकारी रामपुर केपी सिंह ने मौके पर पहुंचकर आग से झूलसे पशुओं का उपचार शुरू कर दिया गया है। पशु डॉक्टर की माने तो गंभीर रूप से झूलसने की वजह से एक गाय की हालत नाजुक है एवं अन्य चार पशु खतरे से खाली हैं।

# जौनपुर में लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन अलर्ट

- मतदान कर्मी और दिव्यांग मतदाताओं के लिए बूथ पर होगी ओआरएस घोल की व्यवस्था

अमन लेखनी समाचार



जौनपुर, जौनपुर के दो लोकसभा चुनाव में मतदाताओं व मतदान कार्मिकों के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी। फिलहाल अभी पोलिंग बूथ पर मतदान कार्मिकों व दिव्यांग मतदाताओं के लिए ओआरएस के घोल की व्यवस्था की गई है। ताकि उनके शरीर में पानी की कमी न हो और वे ऊजार्वान महसूस करें। जिला प्रशासन की तरफ से लगातार चुनाव को लेकर तैयारियां की जा रही है। 25 मई को दो लोकसभा सीटों पर जौनपुर में मतदान होना है। जिलेभर के दो लोकसभा क्षेत्र जौनपुर व मछलीशहर में 25 मई को मतदान होना है। जिले भर में 3510 मतदेय स्थल हैं। यहां पर कुल 14 हजार मतदान कार्मिकों को ओआरएस घोल पिलाया जाएगा। इसमें पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, मतदान अधिकारी द्वितीय, मतदान अधिकारी तृतीय हैं। साथ ही दिव्यांग मतदाताओं को दिया जाएगा। दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 28 हजार 825 है। इसके लिए चुनाव कार्यालय की तरफ से तैयारियां कर ली गई है।

## सोनभद्र में 6 गांवों में पेयजल की किल्लत

**गर्मी के मौसम में प्यासे भटक रहे ग्रामीण, तूफान में गिरे बिजली के 22 खंभे**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र ,सोनभद्र के घोरावल स्थित शिव द्वार क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों में इन दिनों पेयजल की घोर किल्लत हो रही है। बिजली न आने से लोग गर्मी के मौसम में दूसरे गांव में जाकर जलती धूप में पानी ला रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार शिव द्वार क्षेत्र के ग्राम महदेवा, मरकुटवा, बैगा बस्ती, खैरटिया कोल बस्ती, सिगरा व बभनदेवा में सभी हैण्ड पम्प व समरसिबल पम्प पानी छोड़ दिया है। ऐसे में ग्रामीणों के सामने पेयजल की घोर किल्लत हो गई है। ग्रामीण पेयजल के लिए बाल्टी डब्बा लेकर इधर उधर भटक रहे हैं। ग्राम पंचायत से पेयजल आपूर्ति हेतु जो टैंकर लगाए गए हैं वो भी अपर्याप्त है। ऐसे में ग्रामीण पानी काफी दूर से दूसरे गांवों से लाकर अपनी प्यास बुझा रहे हैं। पेयजल आपूर्ति समस्या के बारे में ग्राम प्रधान कुसुम ने बताया कि विगत दिनों आए तेज आंधी तूफान में शिव द्वार क्षेत्र में बिजली के बाइस पोल गिर गया था। जिसके चलते शाम तक विद्युत आपूर्ति नहीं हो सकी है। विद्युत आपूर्ति न होने के कारण पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है। विद्युत आपूर्ति बहाल होते ही सुचारु रूप से पेयजल आपूर्ति कराई जाएगी।

# सोनभद्र में अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन

- दुद्धी को जिला बनाने की मांग, बोले- जिला बनने से होगा तहसील का विकास

अमन लेखनी समाचार




दुद्धी, सोनभद्र के दुद्धी में जिला बनाओ संघर्ष मोर्चा के कि ओर से आज दोपहर करीब 1 बजे पूर्व की भांति न्यायालय गेट पर अधिवक्ताओं ने जमकर नारेबाजी व प्रदर्शन किया। साथ ही जमकर नारे बाजी भी किया।

बता दे कि सिविल बार एसोसिएशन के सभी सदस्यों ने न्यायिक कार्य से विरत होकर न्यायालय परिसर में जुलूस निकाला एवं सभा की। वक्ताओं ने शासन से मांग की किया कि जनपद सोनभद्र इस क्षेत्र से अत्यधिक दूरी पर स्थित है। यह पूरा क्षेत्र नक्सल प्रभावित, औद्योगिक बाहुल्य तथा आदिवासी बाहुल्य है। इसको विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए तत्काल दुद्धी को नया जिला घोषित कर देना चाहिए। बता दे की लंबे समय से दुद्धी को जिला बनाने की मांग आंदोलन व धरना प्रदर्शन के माध्यम से बातों को हमेशा उठाई जा रही है।

शासन और प्रशासन इस मुद्दे पर गंभीर नजर नहीं आ रही है। इसी तरह कई वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखें और दुद्धी को जिला बनाओ के लिए आगे की रणनीति बनाई। इस मौके, सिविल बार अध्यक्ष विष्णु कांत तिवारी, कैलाश कुमार गुप्ता, रामजीत भारती, आदर्श कुमार, दिनेश कुमार, दिनेश कुमार के साथ काफी संख्या में अधिवक्ता मौजूद थे।

# तीन दिन से लापता युवक का शव जंगल में मिला, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। जलालपुर थाना क्षेत्र में बीते तीन दिवस से लापता एक शख्स का शव सोमवार के रोज गांव के बाहर जंगल में मिला है। परिजनों का आरोप है की युवक की हत्या फांसी लगा कर शव को जलाने की कोशिश की गई है। फिलहाल सूचना मिलते ही पुलिस सहित फील्ड यूनिट टीम ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामला जलालपुर थाना क्षेत्र के ग्राम ममना गांव का है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जलालपुर थाना क्षेत्र के ग्राम ममना निवासी 22 वर्षीय सचिन बीती 26 अप्रैल को शाम के समय शौच क्रिया के लिए निकला था और घर वापस नहीं लौटा। परिजनों ने सचिन की काफी तलाश की लेकिन जब वह नहीं मिला तो परिजनों ने 28 अप्रैल को थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। सोमवार के रोज सुबह सचिन का शव गांव के पास जंगल में पड़ा मिला तो यहां सनसनी फैल गई। लोगों ने शव मिलने की सूचना पुलिस को दी तो पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल कर म्रतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शव विच्छेदन ग्रहः भेज दिया है।

मृतक के भाई अजय ने बताया की उसके भाई की फांसी लगा कर हत्या की गई है। शव को जलाने की भी कोशिश की गई है। इस मामले में पुलिस ने सोशल मीडिया सेल के माध्यम से बताया की पुलिस और फील्ड यूनिट ने जांच पड़ताल कर साक्ष्य संकलित कर लिए हैं। शव को पोस्टमार्टम को भेजा गया है। परिजनों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी।

# सामुदायिक भागीदारी, सबकी जिम्मेदारी : डॉ. सिंघल

**केजीएमयू और डीएनडीआई की डेंगू के प्रति जागरूकता बढ़ाने की पहल**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। डेंगू का मौसम नजदीक है, इस बात की गंभीरता को देखते हुए किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू ) और स्वयंसेवी संस्था ड्रग्स फॉर नेगलेक्टेड डिजीज इनीशिएटिव (डीएनडीआई) के साझा प्रयास से विषय से जुड़े विशेषज्ञों, समुदाय व स्वास्थ्य कार्यकताओं को एक मंच पर लाने की पहल की गयी। इसी कड़ी में सरोजीनीनगर ब्लॉक के रूरल हेल्थ ट्रेनिंग सभागार में सोमवार को डेंगू जनजागरूकता कार्यशाला सामुदायिक भागीदारी, सबकी जिम्मेदारी का आयोजन कर बीमारी, बचाव और सामुदायिक भूमिका के बारे में विस्तार से चर्चा हुई। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किये और साथ ही बीमारी से जुड़े सवालों के जवाब भी जाने।

इस मौके पर संयुक्त निदेशक मलेरिया व डेंगू डॉ. विकास सिंघल ने कहा कि डेंगू के बढ़ते मामले का एक बड़ा कारण जलवायु परिवर्तन है। इससे हम सभी को ज्यादा सतर्क होने की जरुरत है। उन्होंने इसके लिए सामुदायिक भागीदारी और सबकी जिम्मेदारी बढ़ाने पर जोर दिया और बुखार में देरी, पड़ेगी भारी नारा देकर सभी से अपील की कि बुखार होने पर अपने करीबी स्वास्थ्य केंद्र पर जरूर जाएँ व घर के आस-पास साफ-सफाई का बेहद ध्यान दें।

डॉ. कल्पना बरुआ, वरिष्ठ सलाहकार और पूर्व अतिरिक्त निदेशक, एनसीवीबीडीसी, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने कहा कि डेंगू को एनसीवीबीडीसी के तहत एक कार्यक्रम के रूप में शामिल होने के बाद इसके बारे में काफी रिपोर्टिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि अब हमारे पास इसकी रोकथाम और इलाज पर काम करने के लिए सही डेटासेट भी है। उन्होंने बताया कि डेंगू की समय से पहचान और चिकित्सक से सम्पर्क बेहद जरूरी है। इस बीमारी की प्रसार दर हमेशा से चिंता का विषय रही है। इससे बचाव के उपाय में स्वास्थ्य कार्यकताओं के साथ साथ समाज के सभी हितधारकों की अहम भूमिका है।

डॉ मोनिका अग्रवाल, प्रोफेसर और हेड, कम्युनिटी मेडिसिन, किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी ने बताया कि गाँव के इलाकों में बीमारियों को खत्म करने में लिए महिलाओं को ध्यान में रखकर गतिविधियों की योजना बनाई जा रही है ताकि इसका पूरे परिवार के स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़े। आरएमआरसी के पूर्व निदेशक डॉ रजनीकांत ने कहा कि डेंगू का कोई इलाज नहीं होता है। इसका सिर्फ लाक्षणिक उपचार संभव है। संभावित डेंगू की समय से पहचान कर चिकित्सकीय हस्तक्षेप किया जाना मरीज की जीवनरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। नेशनल वेक्टर बार्न डिजीज कंट्रोल प्रोग्राम के पूर्व निदेशक डॉ पीके श्रीवास्तव ने प्रस्तुति के जरिये डेंगू के कारण और बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डेंगू से बचाव के लिए लोगों तक सही जानकारी पहुंचाना बहुत जरूरी है। उन्होंने बताया कि डेंगू मादा मच्छर के काटने से होता है। यह मच्छर दिन के समय काटता है और इसे पनपने के लिए एक बूँद भर साफ पानी भी पर्याप्त है। तेज बुखार और जोडों में दर्द इस बीमारी के प्रमुख लक्षण हैं। डेंगू मरीज का समय से सही जगह पर संदर्भन, इससे होने वाली जटिलताओं को रोकने में कारगर है। कार्यशाला के अंत में पैनल डिस्कशन के माध्यम से सभी प्रतिभागियों ने बीमारी से जुड़े सवालों के जवाब विषय विशेषज्ञों से जाने। इस मौके पर केजीएमयू से डॉ. अविनाश अग्रवाल- क्रिटिकल केयर डिपार्टमेंट के हेड, डॉ. सुरुचि शुक्ला- डिपार्टमेंट ऑफ माइक्रोबायोलॉजी, ड्रग्स फॉर नेग्लेक्टेड डिजीज इनिशिएटिव संस्था से सुकृति चौहान, लखनऊ की जिला मलेरिया अधिकारी ऋतु श्रीवास्तव समेत आशा व आशा संगिनी कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

# रिहायशी मकान में आग लगने से एक लाख से अधिक की संपत्ति हुई खाक

अमन लेखनी समाचार

मौदहा (हमीरपुर)। नगर के एक मोहल्ला स्थित एक रिहायशी मकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई जहां रखा तमाम सामान जलकर खाक हो गया तो वहीं आग ने 1 लाख रुपए से अधिक की नगदी तथा 13 क्विंटल गेहूं समेत 5 क्विंटल सरसों को भी अपनी चपेट में लिया है। इस आग से हुई क्षति से परिवार पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं तथा साल भर के खाने पीने की व्यवस्था भी राम भरोसे हो गई है।

नगर के सिचौली पुरवा निवासी अजीम खांन पुत्र निजाम खांन ने बताया कि रविवार की रात जब वह अपने घर के बाहर सो रहा था तभी अज्ञात कारणों से उसके रिहायशी मकान में आग लग गई जिससे उसके घर में रखा 13 क्विंटल गेहूं तथा 5 क्विंटल सरसों समेत एक लाख दस हजार रुपए जलकर खाक हो गया। वहीं इस आगजनी से परिवार के भरण-पोषण के लिए रखा अनाज जल जाने से परिवार के ऊपर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। वहीं पीड़ित अजीम खांन ने बताया कि उसने कुछ खेत लगान पर लिया था जिससे उपजी फसल को बेचकर उसने 60 हजार रुपए इकट्ठा किये थे तथा बाहर रहकर कमा रहे उसके लड़के ने बहन की शादी के लिए 50 हजार रुपए भेजे थे जो कि पूरी तरह से जल चुके हैं। वहीं अज्ञात कारणों से लगी आग के पीछे पीड़ित ने किसी से दुश्मनी न होने की भी बात बताई है तथा सबसे अच्छा खासा व्यवहार होने की बात कही है। हालांकि पीड़ित इस आगजनी से शासन व प्रशासन की मदद के भरोसे पूर्णतया हो चुका है। इस संबंध में उपजिलाधिकारी राजेश चंद्रा ने बताया कि लेखपाल द्वारा मौके पर जाकर मुआयना किया गया है तथा जो भी आवश्यक क्रिया कलाप होंगे उन पर प्रशासनिक मदद के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।

# पिपरी पुलिस द्वारा घर से भटकी हुयी 03 वर्षीय बालिका को सकुशल परिजनों को किया गया सुपुर्द

सोनभद्र। दिनांक 28.04.2024 को कस्बा रेणुकूट हाईटेक तिराहा थाना पिपरी सोनभद्र में पी0आर0वी0 3099 को 03 वर्षीय बालिका नाम पता अज्ञात मिली थी। जिसकी पहचान हेतु स्थानीय समाचार पत्र/ सोशल मीडिया एवं थाना ग्रुप पर सूचना प्रेषित की गई थी। नाम पता अज्ञात होने के कारण बालिका को महिला आरक्षी आयुषी सिंह की देखरेख में थाना पिपरी पर रखा गया था। आज दिनांक 29.04.2024 को उक्त अज्ञात बालिका की फोटो देख कर / सूचना मिलने पर उसके परिजन पिता रामनारायण खरवार एवं माता फूलदेवी निवासी खजुरा थाना अनपरा एवं मामा शुभम खरवार पुत्र दौलत खरवार निवासी राधा कृष्ण मंदिर के पीछे रेणुकूट थाना पिपरी सोनभद्र उक्त बालिका की तलाश करते हुए थाना पिपरी पर आए। जिनके द्वारा अज्ञात बालिका उपरोक्त का नाम कुमारी पूनम उम्र 03 वर्ष बताया गया। कुमारी पूनम उपरोक्त को उसके नैसर्गिक संरक्षक माता-पिता क्रमशः राम नारायण खरवार एवं फूलदेवी उपरोक्त की सुपुर्दगी में दिया गया।

# महायज्ञ का हुआ समापन, भंडारे में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद



अमन लेखनी समाचार

सरीला, हमीरपुर। क्षेत्र के ग्राम पंचायत चंडौत के मेला प्रांगण में चल रहे नौ दिवसीय श्री विष्णु महायज्ञ का सोमवार को भव्य विशाल भंडारे के साथ संपन्न हुआ। यह धार्मिक अनुष्ठान बीते 21 अप्रैल को कलश यात्रा से शुरू हुआ था। यज्ञशाला में आचार्यों की देखरेख में मुख्य यजमान समेत अन्य लोग सुख, समृद्धि एवं शांति के लिए श्री विष्णु की अराधना करते हुए वैदिक मंत्रों के बीच आहुति देने में लगे हुए थे। पवित्र यज्ञ स्थल की नियमित रूप से परिक्रमा कर लोग अपने एवं परिजनों के कुशल कामना के लिए याचना करते रहे। सोमवार को पूणार्हूति होने के बाद यज्ञ समिति द्वारा महाप्रसाद की व्यवस्था की गई थी। सुबह से शुरू हुए विशाल भंडारा देर शाम तक चलता रहा। अंतिम दिन होने की वजह से सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी उमड़ी हुई थी। भंडारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद चखा। वहीं यज्ञ संचालक शीलू महाराज परासन द्वारा युवाओं का हौंसला बढ़ाते हुए उन्हें संदेश दिया कि संगति आप को ऊंचा उठा भी सकती है और यह आप की ऊंचाई से गिरा भी सकती है। इसलिए संगति अच्छे लोगों से करें। अनुष्ठान में समस्त आयोजन समिति एवं ग्रामीणों का भरपूर सहयोग रहा।

# लगभग सात महीनों के बाद भी नहीं हो सका अधूरे नाली का निर्माण कार्य

**डूडा विभाग के द्वारा निमार्ण कार्य को छोड़कर भागते है ठेकेदार, जनता परेशान, विभाग मस्त**

**नगर में कई जगहों पर डुंडा विभाग द्वारा कार्य चालू तो हुए लेकिन आज तक कार्य पूर्ण नहीं हुआ**

अमन लेखनी समाचार



डाला सोनभद्र- नगर पंचायत के वार्ड नंबर 9 नई बस्ती का मुख्य संपर्क मार्ग पर डूडा प्राधिकरण के द्वारा पक्की नाली का निर्माण कार्य ठेकेदार द्वारा अधूरा छोड़ दिया गया जिससे राहगीरों समेत रहवासियों को बड़ी घटना होने की सम्भावना बनी हुई है मुखदर्शन बना विभाग डूडा प्राधिकरण द्वारा नवम्बर 2023 को पक्की नाली का निर्माण कार्य शुरू किया गया था जो सोहन शर्मा के घर से श्याम कली के घर तक पक्की नाली का निर्माण कार्य ठेकेदार ने करवा कर अधूरा छोड़ दिया गया जहां कुर्दहवा नाला छठ घाट संपर्क मार्ग व ज्ञान दीप पब्लिक स्कूल को जोड़ने वाले मुख्य मोड़ पर नाली निर्माण नहीं करवाया गया जिसके कारण रहवासी व राहगीरों समेत ज्ञान दीप पब्लिक स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चों को स्कूल जाने आने में बड़े परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं और नाली में गिरने का डर भी बना हुआ है जहां के अभिवावक व स्कूल प्रबंधन भी इससे डरा सहमा हुआ है कब क्या घटना घट जायेगी जिसको लेकर डुंडा प्राधिकरण के संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में अवगत कराया जा चुका है नाली के अधूरा निर्माण कार्य से क्षेत्र वासियों को परेशानियों बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जहां लोगों का कहना है कि डुंडा प्राधिकरण के ठेकेदार द्वारा अधुरा कार्य छोड़ कर भाग जाने के कारण दूसरे छोड़ के नाली से आने वाले गंदा पानी अंदर ही जमा होकर बजबजा रहा है क्योंकि नाली में पानी निकासी बना ही है और नाली से जोड़ा गया है जिससे कनेक्टेड नाली का गंदा पानी बहता चला जा रहा है और अधुरा निर्माण नाली में पानी आकर इकठ्ठा हो रहा है जिसके कारण नाली बजबजा रहा है तमाम तरह की बिमारी होने की सम्भावना बनी हुई है। इस संबंध में नगर अध्यक्षा फूलवंती कुमारी ने बताया कि अधुरा नाली निर्माण को लेकर हमने एडीएम को लिखित नाली के कार्य कार्य पूर्ण करवाने हेतु आवेदन दिया है इसके साथ ही डूडा के अधिकारियों को कई बार सुचना दी गई लेकिन कोई ना कोई बहाना लगातें चलें आ रहे इस संबंध डुंडा परियोजना अधिकारी राजेश उपाध्याय ने बताया कि जितना पैसा आया था उतना कार्य हुआ है और जब आयेगा तब कार्य होगा।

# युवा मतदाता महोत्सव में युवा वोटरों ने रंगों से उकेरी मतदाता जागरूकता कलाकृतियां




अमन लेखनी समाचार/उमेश दीक्षित

हमीरपुर। स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय एवं मुख्य विकास अधिकारी व नोडल अधिकारी स्वीप चंद्रशेखर शुक्ला के निदेर्शानुसार महिला महाविद्यालय में युवा महोत्सव में नवयुवकों ने मतदाता के रूप में प्रथम बार वोट देने का उत्सव मनाया। सर्वप्रथम युवा महिला वोटरों ने रंगोली से मतदान के महत्व को उकेरा। पोस्टर और स्लोगन के माध्यम से सीनियर छात्राओं ने मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। वाद विवाद व भाषण एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से युवा वोटरों ने मतदान के महत्व को भी समझाया। इस मौके पर अजीत कुमार श्रीवास्तव जिला विकास अधिकारी, साधना दीक्षित परियोजना निदेशक, विष्णु प्रिया समन्वयक नेहरू युवा केंद्र, राजीव कुमार युवा मंगल दल अधिकारी, महाविद्यालय की डा. शालिनी प्राचार्य एवं प्राध्यापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालक जलीस खान एवं स्वीप कोऑर्डिनेटर अकबर अली द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

# अक्रोशित ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन

## जन विरोधी एसडीओ- जेई को बर्खास्त करने की उठाई मांग

**ऊंचडीह विद्युत सब स्टेशन से जुड़े 30 गांवों की एक सप्ताह से है विद्युत आपूर्ति बाधित।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। राबर्ट्सगंज विद्युत वितरण खंड के ऊंचडीह सबस्टेशन से जुड़े लगभग 30 गाँवो में एक सप्ताह से विद्युत आपूर्ति बाधित होने से आक्रोशित ग्रामीणों ने देवरी खुर्द गाँव में प्रदर्शन कर सरकार की छवि धूमिल करने वाले बिजली विभाग के शाहगंज एसडीओ और ऊंचडीह के जेई को बर्खास्त करने की मांग उठाई है।

ग्रामीणों ने कहा कि अगर क्षेत्र में थोड़ी सी भी हवा चल जाती है तो दो-तीन दिनों तक बिजली कटी रहती है। ना तो एसडीओ फोन उठाते हैं ना तो जेई फोन उठाते हैं। इतनी विकट गर्मी और कड़ाके की धूप में जनता त्राहिमाम त्राहिमाम कर रही है और जेई और एसडीओ अपने ए सी रूम में आराम फरमाते रहते हैं और सारा फीडर लाइनमैन के भरोसे छोड़ देते हैं।

प्रदेश सरकार के यूथ आइकॉन सौरभ कांत पति तिवारी ने बताया कि एसडीओ और जेई कभी भी समस्याओं के समाधान के लिए फील्ड में नहीं जाते सिर्फ बकाया बिल वसूल करने के लिए मौके पर पहुंचते हैं और गरीब ग्रामीणों का शोषण करते हैं। अगर एसडीओ और जेई सक्रियता दिखाए होते और जर्जर तारों को सही करवाए होते तो आज किसानों की सैकड़ो बीघा की फसल जलकर नष्ट नहीं होती। उन्होंने मांग की है कि किसानों के नुकसान की भरपाई एसडीओ और जेई के वेतन से की जाए और उनकी वजह से शार्ट सर्किट होने के कारण जो आग लगी है उसकी जांच कर उनके ऊपर मुकदमा चलाया जाए। जिससे आगे आने वाले अधिकारी अपनी जिम्मेदारी को समझें और जनता के हित में कार्य करें।

भाजपा नेता विनोद तिवारी ने कहा कि स्कूल के ऊपर से हाई टेंशन तार गुजरने से जिले में बहुत सी घटनाये हो रही हैं। लेकिन परिषदीय विद्यालय देवरी खुर्द के छत पर से हाईटेंशन तार गुजरा है जिससे सैकड़ों छात्रों का जीवन खतरे में है। सैकड़ो बार मौखिक और लिखित रूप से एसडीओ और जेई को अवगत कराया गया लेकिन उनके कान पर जूँ तक न रेंगी। उन्होंने कहा कि नहीं चाहिए ऐसे एसडीओ और जेई जो मानवता कि हत्या पर आमादा हों, तत्काल इनको बर्खास्त किया जाये। भाजपा नेता राम जतन भारती ने कहा कि एक सप्ताह तक जब तीस गाँवो के ग्रामीणों को बिजली नहीं मिली और ग्रामीण उपकेंद्र पर पहुंचे और विद्युत आपूर्ति बहाल करने कि मांग करने लगे और एसडीओ और जेई को मौके पर बुलाकर समस्या का समाधान करने कि बात करने लगे तब एसडीओ ने मौके पर जेई और लाइनमैन भेजने के बजाय पुलिस को भेजकर ग्रामीणों कि आवाज को दबाकर लोकतंत्र कि हत्या करने का प्रयास किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने भी ग्रामीणों कि समस्या को देखते हुए विभाग के लोगों को खरी खोटी सुनाई और बिजली जल्द से चालू करने कि बात कह कर मौके पर से चले गए। राजुमार ने कहा कि एसडीओ और जेई अगर अपने एसी कमरे से बाहर निकले होते तो एक-दो दिन में ही विद्युत आपूर्ति बहाल हो गई होती। लेकिन ये अपनी कमी को छुपाकर जनता कि आवाज को दबाने के और उनको धमकाने के लिए पुलिस भेज कर जनता का आक्रोश और बढ़ा रहे है और सरकार को बदनाम करने कि साजिश भी कर रहे हैं। एसडीओ के इस करनी से आक्रोषित क्षेत्रवासियों ने प्रदर्शन कर जिले के युवा जिलाधिकारी से तत्काल एसडीओ और जेई को बर्खास्त करने और इनकी लापरवाही से हुए शार्ट सर्किट से जो किसानो का नुकसान हुआ है उसकी भरपाई इनके वेतन से करने एंव संबधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करने कि मांग कि है। राजकुमार, मोनू, रमेश, कलवाती ने कहा कि अधिशाषी अभियंता का हर वर्ष अखबार में बयान आता है कि जर्जर तार और पोल बदले जा रहे है लेकिन वो खुद अपने बयान पर अमल नहीं करते। उक्त अवसर पर अनिमेश, रमेश, विजय पासवान, संतोष यादव, लालजी, कमलेश, रामसूरत, राजेश, छविन्दर, बिट्टू तिवारी, कुदावन, जगवांती, गंगोत्री, राधिका, कमलावती, सुनीता, रीता, भानमती आदि लोग उपस्थित रहे।

# एक मई से चलेगी मार्निंग कोर्ट

**मई और जून माह में बदल जाएगा कोर्ट का समय**

**एक जुलाई से फिर से नियमित समय पर चलेगी कोर्ट**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। जनपद न्यायाधीश सोनभद्र रवींद्र विक्रम सिंह ने अवगत कराया है कि एक मई से मार्निंग कोर्ट चलेगी। यह सोनभद्र बार एशोसिएशन, सोनभद्र एवं डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन, सोनभद्र द्वारा उच्च न्यायालय इलाहाबाद के दिशा-निर्देश के अनुपालन में न्यायालय का समय प्रातः 7.00 बजे से दोपहर बाद 1.00 बजे तक किये जाने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है। उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा जारी आदेश के क्रम में माह मई व जून हेतु जनपद न्यायालय, सोनभद्र का समय सुबह 7.00 बजे से अपराह्न 1.00 बजे तक निर्धारित किया गया है।

उन्होने यह भी बताया कि उच्च न्यायालय, इलाहाबाद एवं सोनभद्र बार एसोसिएशन, सोनभद्र व डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन, सोनभद्र के प्रस्ताव के अनुरूप माह मई व जून 2024 में जनपद न्यायालय, सोनभद्र के मुख्यालय एवं बाह्य न्यायालय अनपरा स्थित ओबरा, दुद्धी तथा ग्राम न्यायालय, घोरावल में न्यायालय का समय प्रातः 7.00 बजे से अपराह्न 01.00 बजे तक एवं कार्यालय का समय प्रातः 6.30 बजे से अपराह्न 01.30 बजे (मध्यावकाश 10.30 बजे से 11.00 बजे ) तक होगा। वहीं बेल पर सुनवाई सुबह 8:30 बजे से होगी। एक जुलाई से पुनः नियमित समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक कोर्ट चलेगी।

# 1 नफर अभियुक्त गिरफ्तार कब्जे से 01 किलो 200 ग्राम नाजायज गांजा बरामद

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र - पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक चोपन के कुशल नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों व मादक पदार्थों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत चोपन पुलिस द्वारा सोमवार दिनांक 29.04.2024 को समय 06.20 बजे रेड़िया मोड़ के पास से अभियुक्त मेहदी हुसैन पुत्र स्व० मुनव्वर अली निवासी चोपन बैरियर थाना चोपन जनपद सोनभद्र उम्र 40 वर्ष को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से एक प्लास्टिक के झोले में कुल 01 किलो 200 ग्राम नाजायज गांजा बरामद हुआ। अभियुक्त को अन्तर्गत धारा 8/20 ठऊढर अ३ में गिरफ्तार कर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही किया जा रहा है।

# दुद्धी पुलिस द्वारा 05 वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। आगामी लोकसभा चुनाव- 2024 के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन मे वांछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) तथा क्षेत्राधिकारी दुद्धी के पर्यवेक्षण में दिनांक 29.04.2024 को थाना दुद्धी पुलिस द्वारा 05 नफर वारंटी अभियुक्तगण क्रमशः 1- आदित्य पुत्र हरिकिशुन नि0 वार्ड न0-4 कस्बा दुद्धी थाना दुद्धी, जनपद सोनभद्र, 2- धिरेन्द्र उर्फ धर्मेन्द्र पुत्र भरत लाल उम्र करीब 31 वर्ष, 3- प्रयाग पुत्र स्व0 कैलाश उम्र करीब 55 वर्ष, 4- भरत लाल पुत्र स्व0 कैलाश उम्र करीब 59 वर्ष, 5- विकाश पुत्र सुरेन्द्र उम्र करीब 30 वर्ष समस्त निवासीगण बीडर, थाना दुद्धी जनपद सोनभद्र सोनभद्र को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा जा गया।

# गैंगेस्टर एक्ट में वांछित आरोपी तमंचा सहित गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

कुरारा, हमीरपुर। थाना कोतवाली कालपी क्षेत्र के देवकली गांव निवासी गैंगेस्टर एक्ट में वांछित आरोपी को तमंचा सहित पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। जनपद जालौन के कालपी कोतवाली अंतर्गत देवकली गांव निवासी कमल सिंह निषाद पुत्र मान सिंह के खिलाफ थाने में गेंगेस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज है। जिसमे वह वांछित चल रहा था। आज उपनिरीक्षक पंधारी सरोज ने हमराह के साथ मनकी तिराहा के पास से मुखबिर की सूचना पर तमंचा सहित गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। आरोपी के कब्जे से एक तमंचा 12 बोर व दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया है।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## क्या भारत में बैन हो गई 'मंकी मैन'? आखिर कहां अटक गई देव की हॉलीवुड फिल्म



देश की अधिकतर प्रशासनिक मशीनरी के लोकसभा चुनाव में व्यस्त होने और बीते पखवाड़े लगातार छुट्टियां होने के चलते अभिनेता और निर्देशक देव पटेल की बहुचर्चित फिल्म 'मंकी मैन' के भारत में रिलीज होने की तारीख अब तक तय नहीं हो पाई है। हिंसा के अतिरेक से भरपूर फिल्म 'मंकी मैन' में हिंदू देवी देवताओं का जिक्र पश्चिमी देशों के नजरिये से किया जाना भी फिल्म के रास्ते में बड़ी बाधा है। जानकारी के मुताबिक अब तक फिल्म को सेंसर सर्टिफिकेट नहीं मिल पाया है।

भारतीय सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए हर विदेशी फिल्म को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड जिसे आम बोलचाल में सेंसर बोर्ड कहा जाता है, में आवेदन करना होता है। यूनीवर्सल पिक्चर्स फिल्म 'मंकी मैन' को भारत में रिलीज करने के लिए अरसे से बेताब रहा है और उसके स्थानीय अधिकारियों ने फिल्म को सेंसर बोर्ड में जरूरी कागजात के साथ जमा भी कर दिया है। लेकिन, सेंसर बोर्ड के सूत्र बताते हैं कि ये फिल्म अब तक परीक्षण समिति (एग्जामिनिंग कमेटी) ने देखी ही नहीं है। बताया तो यहां तक जाता है कि इसके लिए समिति का गठन होना ही शेष है। परीक्षण समिति के फिल्म देखने के बाद ही किसी फिल्म को उसकी कहानी व उसके नजरिये के मुताबिक सेंसर प्रमाण पत्र मिलता है। फिल्म 'मंकी मैन' का ट्रेलर हिंसा के अतिरेक से भरा हुआ और माना यही जा रहा है कि ये फिल्म भारत में 'केवल वयस्कों के लिए' प्रमाण पत्र के साथ ही रिलीज होगी। फिल्म 'एनिमल' अपने हिंसक दृश्यों के लिए हालांकि भारत में रिकॉर्ड सफलता हासिल कर चुकी है, लेकिन फिल्म 'मंकी मैन' की दिक्कतें और भी हैं। और, इसमें सबसे ऊपर जो दिक्कत बताई जा रही है, वह है हिंदू देवी देवताओं के संदर्भ। बीच में, अफवाह ये भी उड़ी थी कि फिल्म 'मंकी मैन' को भारत में प्रतिबंधित कर दिया गया है। ब्रिटेन में रहने वाले भारतीय मूल के अभिनेता देव पटेल इस फिल्म में अभिनय के साथ साथ इसका निर्देशन भी कर रहे हैं।

### टॉलीवुड

## 'गैंग्स ऑफ गोदावरी' का टीजर जारी, राउडी अंदाज भा गया



प्रभावशाली 'राउडी फेलो' और एक आकर्षक रोमांटिक-कॉम, 'चल मोहन रंगा' के साथ अपने निर्देशन की शुरुआत के बाद, प्रतिभाशाली निर्देशक कृष्णा चैतन्य ने अब एक रोमांचक नए उद्यम, 'गैंग्स ऑफ गोदावरी' के लिए युवा नायक विश्वक सेन के साथ मिलकर काम किया है। अपनी पिछली शैली से हटकर, निर्देशक और अभिनेता दोनों इस एक्शन से भरपूर फिल्म के साथ दर्शकों का दिल जीतने आ रहे हैं। इसी बीच फैंस के उत्साह को और ज्यादा बढ़ाने के लिए निर्माताओं ने इसका टीजर जारी कर दिया है। टीजर लंकला रत्ना के चरित्र का एक मनोरंजक परिचय प्रदान करता है, जो नाटकीय रूप से साई कुमार के वॉयसओवर के साथ शुरू होता है। टीजर में, हम जबरदस्त एक्शन सीक्वेंस देखते हैं जहां विश्वक सेन का प्रदर्शन काबिल-ए-तारीफ है। आंध्र प्रदेश के लंका गांवों पर आधारित यह फिल्म कुछ गिरोहों के बीच झगड़े के बारे में लगती है। साथ ही इसके कुछ दमदार डायलॉग भी दर्शकों का खासा ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। टीजर फिल्म के लिए काफी प्रत्याशा पैदा करता है। साथ ही एक अंधेरे और रोमांचकारी कथा की ओर इशारा करता है, जो राक्षसी दुनिया में लंकला रत्ना की गरीबों से अमीरी तक की यात्रा की पड़ताल करता है। युवान शंकर राजा के गहन पृष्ठभूमि स्कोर और अनिथ मधाडी के असाधारण दृश्यों के साथ, संपादक नवीन नूली की विशेषज्ञता से पूरित, 'गैंग्स ऑफ गोदावरी' एक सिनेमाई तमाशा का वादा करता है। कलाकारों में प्रमुख महिला के रूप में खूबसूरत नेहा शेट्टी और महत्वपूर्ण भूमिका में प्रतिष्ठित अंजलि शामिल हैं।

### भोजपुरी

## यश कुमार की 100वीं फिल्म 'दिलदार सांवरिया 2' की शूटिंग हुई शुरू



भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने सितारे यश कुमार अपनी 100वीं फिल्म 'दिलदार सांवरिया 2' लेकर हाजिर हैं। उनकी पहली फिल्म 'दिलदार सांवरिया' भी लोगों को काफी पसंद आई थी। यश कुमार ने कहा- मेरी पहली फिल्म भी 'दिलदार सांवरिया' थी, जिसको दर्शकों ने खूब सराहा था और तब मैंने यह नहीं सोचा था कि एक दिन ऐसा आएगा जब हम अपनी 100 वीं फिल्म के रूप में अपनी पहली फिल्म का सीक्वल कर रहे होंगे। उन्होंने आगे कहा, 'लेकिन यह मेरे लिए बेहद सुखद अनुभूति वाला पल है कि हम एक और अच्छी फिल्म लेकर दर्शकों के बीच आ रहे हैं जो मेरी जिंदगी के लिए सबसे महत्वपूर्ण होने वाली है। यह दर्शकों के प्यार और आशीर्वाद के बिना संभव नहीं था। इसलिए मैं अपने दर्शकों से आग्रह करूंगा कि जब यह फिल्म भी रिलीज हो तो आप सभी इस सुपर-डुपर हिट बनाएं।' वहीं इस फिल्म को लेकर फिल्म के निर्देशक प्रमोद शास्त्री ने भी यश कुमार को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। फिल्म के मुहूर्त पर यश कुमार का आभार जताते हुए उन्होंने कहा कि मुझे अपनी 100वीं फिल्म में निर्देशन का मौका देने के लिए आभार।

### लाइफ स्टाइल



## इंतजार नार्वे की बहार का

नॉर्वेजियन फैशन वीक फरवरी में रद्द कर दिया गया लेकिन उम्मीद जताई जा रही है कि अगस्त में पूरी शान के साथ लौटेगा। यह आज नॉर्वेजियन फैशन के लिए नॉर्वे में सबसे बड़ा प्रदर्शन मंच है। आयोजकों ने उम्मीद जताई है कि भविष्य में और बेहतर ढंग से यह फैशन की दुनिया के सामने आएगा। फिलहाल नार्वे में मॉडल इंतजार कर रहे हैं फैशन वीक की तारीख घोषित होने की।

## वैक्सिंग के बाद रूखे हो जाते हैं हाथ-पैर तो इनका करें इस्तेमाल



गर्मी का मौसम शुरू हो गया है। ऐसे में लोगों की त्वचा में भी कई तरह के बदलाव होने लगते हैं। महिलाएं इस मौसम में अपनी त्वचा का खास ध्यान रखती हैं, लेकिन फिर भी कुछ न कुछ परेशानी सामने आती रहती है। खूबसूरत दिखने के लिए महिलाएं अपने शरीर से अनचाहे बालों को हटाती हैं। इसके लिए वैसे तो कई तरह की हेयर रिमूवल क्रीम बाजार में मिल जाती है, लेकिन महिलाओं को अनचाहे बाल हटाने के लिए वैक्सिंग सबसे सही विकल्प लगता है।

वैक्सिंग द्वारा बाल हटाने में काफी दर्द होता है, लेकिन इससे आपकी त्वचा के अनचाहे बाल पूरी तरह से साफ हो जाते हैं। कई बार ये देखा जाता है कि वैक्सिंग के बाद त्वचा काफी रूखी हो जाती है। ऐसे में आप कुछ चीजों का इस्तेमाल करके इस रूखेपन से राहत पा सकते हैं। इस लेख में हम आपको इन्हीं चीजों के बारे में बताएंगे, जिनके इस्तेमाल से आपकी त्वचा भी मुलायम हो जाएगी।

**घी:** त्वचा पर घी लगाने से स्किन की काफी परेशानी कम हो जाती हैं। अगर वैक्सिंग के बाद आपकी त्वचा में जलन हो रही है, और त्वचा रूखी हो गई है, तो भी आप घी का इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे आपको तत्काल राहत मिलेगी।

**एलोवेरा:** एलोवेरा में मौजूद तत्व त्वचा को ठंडक पहुंचाने का काम करते हैं। ऐसे में वैक्सिंग के बाद आप अपनी त्वचा पर एलोवेरा लगा सकते हैं। इससे त्वचा काफी मुलायम हो जाती है।

**गुलाब जल और ग्लिसरीन :** इन दोनों चीजों को मिलाकर अगर आप त्वचा पर लगाएंगे, तो आपको स्किन के रूखेपन से राहत मिलेगी। ये त्वचा की कई अन्य परेशानियों को भी कम करने में मदद करता है।

**मलाई:** अगर आपके फ्रिज में मलाई रखी है, तो त्वचा को मुलायम बनाने के लिए आप मलाई का इस्तेमाल कर सकती हैं। मलाई के इस्तेमाल से आपकी स्किन बहुत ही ज्यादा सॉफ्ट हो जाती है और आप बार-बार रूखेपन से परेशान नहीं होंगे।

## सिंपल सलवार-सूट लुक को खास बनाने में मदद करेंगे पोंचे के ये डिजाइंस



फैशन

सूट लुक को खास बनाने के लिए डिजाइन और पैटर्न को बॉडी टाइप के अनुसार ही स्टाइल करना चाहिए। इसके लिए आप लेटेस्ट फैशन ट्रेंड पर नजर डालें। रोजाना पहनने हो या किसी ओकेजन के लिए कम्फ़र्टेबल लुक को कैरी करना हो। इसके लिए सलवार-कमीज बेस्ट ऑप्शन होता है। आमतौर पर कमीज के डिजाइंस में आपको काफी तरह की वेरायटी देखने को मिल जाएगी, लेकिन क्या आप जानती हैं कि स्टाइलिश दिखने के लिए आप सलवार को भी कस्टमाइज कर सकती हैं। सलवार के लिए आप इसके पोंचो पर काफी तरह के डिजाइन बनवा सकती हैं। तो चलिए देखते हैं सलवार के पोंचें के लिए कुछ खास डिजाइंस। साथ ही, बताएंगे आपने सलवार-कमीज लुक को स्टाइल करने के आसान टिप्स-

### पर्ल डिजाइन सलवार

पर्ल में आपको कई तरह के कलर ऑप्शन भी देखने को मिल जाएंगे। ज्यादातर इस तरह के मोती का इस्तेमाल पेस्टल कलर की सलवार में आप कर सकती हैं। इसके आलावा चाहे तो कट वर्क करके आप फैंसी लुक देने के लिए इस तरह से कई सारे पर्ल मोती को सलवार में लगवा सकती हैं। इसका पैकेट आपको 50 रुपये से भी कम में आसानी से मिल जाएगा।




### गोटा-पट्टी लेस डिजाइन सलवार

लेस वर्क को काफी तरह से कस्टमाइज करवाकर आप सूट की सलवार में लगवा सकती हैं। ज्यादातर इसका इस्तेमाल प्लेन फैब्रिक को थान से खरीदकर बनवाएं सूट को फैंसी लुक देने के लिए किया जाता है। इसमें आप चाहे तो आपस में मिलती-जुलती लेस का कॉम्बिनेशन बनवाकर पोंचे में लगा सकती हैं। इसमें आपको बारीक वाली किनारी लेस में काफी डिजाइन और कलर मिल जाएंगे।

### चिकनकारी डिजाइन सलवार

सलवार को क्लासी और फैंसी लुक देना चाहती हैं तो इस तरह से आप कढ़ाई वर्क का सहारा भी ले सकती हैं। कढ़ाई वर्क की बात करें तो गर्मी के मौसम में चिकनकारी कढ़ाई वर्क को काफी ज्यादा पसंद किया जाता है।

## कलर्ड हेयर पर भूल से भी नहीं इस्तेमाल करने चाहिए ये इंग्रीडिएंट्स



कलर्ड हेयर आपके लुक को बेहद खास बनाते हैं। हालांकि, अगर आप अपने कलर्ड हेयर पर कुछ चीजों का इस्तेमाल करते हैं तो इससे कलर फेड हो सकता है या फिर उसे नुकसान हो सकता है।

हम सभी अपने लुक को समय-समय पर बदलना चाहते हैं और इसलिए अक्सर कुछ ना कुछ चेंज करते हैं। ऐसे में बालों को कलर करवाना बेहद ही आम है। बालों के कलर करवाने से आपका ओवर ऑल लुक चेंज हो जाता है। हालांकि, कलर्ड हेयर तभी अच्छे लगते हैं, जब इनकी सही तरह से केयर की जाए। कलर्ड हेयर पर किसी भी तरह के प्रोडक्ट या फिर होम रेमिडीज को अप्लाई करने से पहले अधिक ध्यान देने की जरूरत होती है।

दरअसल, ऐसे कई चीजें होती हैं, जिन्हें अगर कलर्ड हेयर पर इस्तेमाल किया जाता है तो इससे ना केवल बाल डैमेज होते हैं, बल्कि उनका कलर भी फेड होने लगता है, जिससे आपका लुक खराब हो जाता है। जानते हैं, कुछ ऐसे ही इंग्रीडिएंट्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आपको अपने कलर्ड हेयर पर अप्लाई करने से बचना चाहिए-

**सिरका:** अक्सर लोग बालों को रिंस करने के लिए या फिर स्कैल्प बिल्डअप को क्लीन करने के लिए सेब के सिरके का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन अगर आप इसे बार-बार अपने कलर्ड हेयर पर अप्लाई करते हैं तो इससे आपके बालों का रंग फीका पड़ सकता है। जिससे आपके बाल बेजान नजर आ सकते हैं।

**बेकिंग सोडा:** अगर आपके कलर्ड हेयर हैं तो आपको बेकिंग सोडा का इस्तेमाल भी करने से बचना चाहिए। बेकिंग सोडा बहुत अधिक अल्कलाइन होता है और ऐसे में यह आपके कलर्ड हेयर को नुकसान पहुंचा सकता है।

## सिंपल चूड़ियों की सेलिब्रिटी स्टाइल में करें सेटिंग, लोग करेंगे तारीफ



महिलाओं का श्रृंगार चूड़ियों के बिना अधूरा है। एक अच्छी और फैंसी लुक वाली चूड़ी आपके सिंपल-सोबर लुक में चार-चांद लगा देती है। बाजार में भी आपको तरह-तरह के पैटर्न और डिजाइन में चूड़ियां मिल जाएंगी। मगर सबसे ज्यादा मुश्किल होता है कि चूड़ियों की मैचिंग या सेटिंग को नया अंदाज देना। आज हम आपको कुछ सेलिब्रिटीज द्वारा की गई चूड़ियों की सेटिंग स्टाइल दिखाएंगे, जिन्हें देख कर आप भी उन्हेंज रीक्रिएट कर सकती हैं।

आजकल बाजार में आपको हर रंग की चूड़ियां मिल जाएंगी। अगर आपके आउटफिर में 1 से अधिक रंग हैं तो 2 सबसे अधिक नजर आने वाले रंगों की चूड़ियों को आप मिक्स -मैच करके पहन सकती हैं। मिक्स-मैच करने के लिए आप सिंपल और एक जैसे पैटर्न की चूड़ियां खरीदे और उन्हेंह बंच में एक हाथ में पहन लें।

हाथों में अगर आप 2 रंग की चूड़ियां पहन रही हैं, तो आधा दर्जन एक रंग की और आधा दर्जन दूसरे रंग की चूड़ी पहनें। बाजार में आपको बहुत से पैटर्न की चूड़ियां मिल जाएंगी मगर इस तरह से अगर आप चूड़ियों की सेटिंग कर रही हैं तो आपको वेल्वेएट, थ्रेड वर्क या मेटल की चूड़ियां ही खरीदनी चाहिए।

हरे रंग की चूड़ियों का फैशन कभी भी पुराना नहीं होता है और आप इन्हेंक किसी भी ट्रेडिशनल आउटफिट और किसी भी रंग के साथ पहन सकती हैं। खासतौर पर किसी त्यो हार या फिर शादी के फंक्शन में आप हरे रंग की चूड़ियों को स्टाइलिश अंदाज में पहनना चाहती हैं, तो आपको गोल्ड न मेटल या कांच की चूड़ियों के साथ उन्हें सेट करके पहनना चाहिए।

### कार्नर न्यूज

## मेन्स परफ्यूम में च्वाइस के साथ समझदारी भी जरूरी

*परफ्यूम हमारी पर्सनैलिटी को एक जबरदस्त बूस्ट देता है। ये आपको कॉन्फिडेंस देता है, कि तन की दुर्गंध पास आने वाले किसी शख्स को तंग नहीं करेगी। परफ्यूम की फ्रेग्रेंस न सिर्फ आपके स्टाइल स्टेटमेंट को दिखाता है, बल्कि आपकी अच्छी ग्रूमिंग की आदतों के बारे में भी संकेत देता है। लेकिन, ज्यादातर लोग परफ्यूम पसंद कैसे करते हैं? कुछ तो टीवी पर ऐड देखकर वो वाला परफ्यूम खरीदते हैं, जिसे लगाने के बाद लड़कियां पीछे भागती हैं। भले ही उसकी फ्रेग्रेंस उन्हें खुद पसंद नहीं आई। आईए, जानते हैं कि गर्मियों के मौसम के लिए बेस्ट परफ्यूम कैसे खरीदा जाए।*

## गर्मियों के मौसम में मेंस परफ्यूम खरीदते हुए रखें इन जरूरी बातों का ध्यान



### गर्मियों में कैसे परफ्यूम खरीदें?

गर्मियों के मौसम में बहुत तेज खुशबू वाले या गर्म मिजाज वाले परफ्यूम को लगाने से बचना चाहिए। जैसे, सर्दियों के मौसम के लिए हिना या मेहंदी की खुशबू वाले परफ्यूम बेस्ट हैं। लेकिन इनका इस्तेमाल गर्मियों के मौसम में नहीं करना चाहिए। गर्मियों में हल्की और भीनी खुशबू वाले परफ्यूम का प्रयोग करना चाहिए। इसकी फ्रेग्रेंस मन को शांत करे और रूमानी अहसास भी दे। अगर आप ऐसे परफ्यूम का चुनाव करते हैं, तभी परफ्यूम का पूरा आनंद ले सकेंगे।

### गर्मियों के मौसम के लिए बेस्ट परफ्यूम

गर्मियों में बेस्ट मेंस परफ्यूम के लिए हर किसी की अपनी च्वाइस हो सकती है। लेकिन फिर भी हम आपको 3 ऐसे प्रोडक्ट्स के बारे में बता रहे हैं, जो लो बजट में भी प्रीमियम फील पाने में हेल्प कर सकते हैं।

### विलेन हाइड्रा यू डे परफ्यूम फॉर मेन

विलेन हाइड्रा परफ्यूम (यू डे परफ्यूम) गर्मियों के मौसम के लिए बेस्ट परफ्यूम में से एक है। इस शानदार परफ्यूम के टॉप नोट्स में लेमन, मिंट, ग्रेपफ्रूट की खुशबू आती है। जबकि मिडिल नोट्स में जैस्मिन, जायफल और व्हाइट फ्लावर का फील आता है। जबकि बेस नोट्स में व्हाइट मस्क, सीडर और चंदन की सुगंध आती है। ये परफ्यूम आपको लंबे समय तक तरोताजा और फ्रेश फील पाने में मदद करेगा।



### विलेन द जोकर यू डे परफ्यूम फॉर मेन

विलेन द जोकर यू डे परफ्यूम फॉर मेन कॉलेज गोइंग स्टूडेंट्स के लिए बेस्ट च्वाइस हो सकता है।